NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित


वर्ष: 14 अंक: 152 लखनऊ, शनिवार 18 जनवरी 2025 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बेहतरीन और भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग : मोदी

नयी दिल्ली 17 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहे हैं।

श्री मोदी ने यहां भारतमंडपम में 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं। आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। गतिशीलता को बढ़ावा देने वाले कई कारक हैं, जैसे युवाओं की आबादी। मध्यम वर्ग में लगातार वृद्धि। शहरीकरण में वृद्धि। आधुनिक बुनियादी ढाँचा। मेक इन



इंडिया के जरिए किफायती वाहन।

उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में अवसंरचना के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान किया गया था। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोबिलिटी से जुड़ 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान,कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चार्ज्ड, क्लीन ओर कटिंग ऐज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है।उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है।

श्री मोदी ने कहा, "पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे।उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी श्भारत मोबिलिटी एक्सपोश में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।"

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रदर्शक ने हिस्सा लिया, 1. 5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ–साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है। आने वाले 5–6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिट के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एच डी कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, मनोहर लाल और जीतनराम मांझी भी मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में सत्रह नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़ 17 जनवरी ((एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले और तेलंगाना के संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हो गए है।

बीजापुर में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुई मुठभेड़ आज खत्म हो गई। घटना स्थल से जवानों की टीम वापसी कर रही है।

पुजारी कांकेर और मारुडबाका के जंगलो में हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हुए हैं जिसमें से 12 के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं डीआरजी का एक जवान घायल भी हुआ है। 1100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी के जवान भी शामिल हैं इस अभियान का हिस्सा थे। इसके अलावा, कोबारा बटालियन के सीआरपीएफ जवानों का भी इस ऑपरेशन में सहयोग रहा।

मुठभेड़ का यह इलाका तेलंगाना राज्य की सीमा से सटा हुआ है। दरअसल, बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

नयी दिल्ली 17 जनवरी (एजेंसी)।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चौंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा–तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स)



और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## आयुष्मान भारत : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र–दिल्ली सरकार के बीच करार करने के हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

नयी दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने श्प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम–एबीएचआईएम) योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का दिल्ली सरकार को निर्देश देने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से दायर याचिका पर रोक संबंधी यह आदेश पारित किया। पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब–तलब किया।

दिल्ली के सभी सात भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए निर्देश देने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसी आधार पर दिसंबर, 2024 के उच्च न्यायालय के दिल्ली सरकार को निर्देश दिया था।शीर्ष अदालत के समक्ष इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील दी, "उच्च न्यायालय मुझे (दिल्ली सरकार) केंद्र सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए कैसे मजबूर कर सकता है।" उन्होंने आगे कहा कि उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार की शक्तियों को फिर से परिभाषित किया है। उसने केंद्र सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया है।

इस योजना में भारत सरकार को 60 फीसदी पूंजीगत व्यय और दिल्ली सरकार को 40 फीसदी देना अनिवार्य किया गया है।

## भाजपा ने गरीबों को पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने का किया वादा

नयी दिल्ली 17 जनवरी (एजेंसी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याण को योजनाओं को जारी रखने और उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के साथ ही गरीबों को पांच सौ रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर तथा होली–दिवाली में एक–एक सिलेंडर मुफ्त में देने का वादा किया है।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में विकसित दिल्ली संकल्प पत्र–1 को जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर यहां पहले चलायी जा रहीं जन कल्याण की सभी योजनाओं को जारी रखा जाएगी और उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। गौरतलब है कि भाजपा इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने संकल्प पत्र को कई खंडों में जारी कर रही है।

इस मौके पर श्री नड्डा ने कहा, "दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी, तो महिला समृद्धि योजना के तहत यहां की महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये दिए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे और 06 पोषण किट भी दी जाएंगी। दिल्ली में बिजली, बस और पानी को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हर गर्भवती महिला को मिलेगी 21,000 रुपये की आर्थिक मदद और 06 पोषण किट मुहैया कराये जाएंगे।स्वास्थ्य योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "भाजपा की सरकार बनने पर मंत्रिमंडल की पहली बैठक में दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा, जिसके तहत यहां के लोगों को 05 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया होगी। इसके साथ ही प्रदेश सरकार की ओर से 05 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा को और जोड़ा जाएगा।

इसी तरह प्रत्येक नागरिक को 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।" उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को ओपीडी और डायग्नोस्टिक की भी सुविधा मुफ्त में मुहैया करायी जाएगी।उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार बनने पर वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली पेंशन की राशि में वृद्धि की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 13 डीएम समेत 31 आईएएस के तबादले

लखनऊ 17 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुये तीन मंडलायुक्त और 13 जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 31 अधिकारियों का तबादला कर दिया।

अधिकृत जानकारी के अनुसार मथुरा,बुलंदशहर,लखनऊ ,अलीगढ ,प्रतापगढ ,कानपुर,बागपत, बांदा,गाजियाबाद, मेरठ, फर्रुखाबाद,सुल्तानपुर और बिजनौर के जिलाधिकारी बदले गये हैं जिनमें लखनऊ और कानपुर के जिलाधिकारियों की नियुक्ति मुख्यमंत्री के सचिव के तौर पर की गयी है जबकि अलीगढ,आगरा और मेरठ में नये मंडलायुक्त नियुक्त किये गये हैं।

## सरकार बनने पर छात्रों को बसों में मुफ्त सफर और दिल्ली मेट्रो में रियायत मिलेगी : केजरीवाल

नयी दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं के साथ–साथ सभी छात्रों का भी बस में सफर बिल्कुल मुफ्त होगा और मेट्रो के किराये में भी उन्हें रियायत दी जाएगी।



श्री केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार सबसे ज्यादा शिक्षा को तवज्जो देती है, क्योंकि पढ़ेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत गरीब बच्चे हैं, जिनकी स्कूल और कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होने के कारण शिक्षा छूट जाती है। एक सबसे बड़ा एलान कर रहा हूं कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर छात्रों को भी बस में मुफ्त सफर की सुविधा दी जाएगी। महिलाओं के लिए पहले से ही बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा है।

उन्होंने कहा, " दिल्ली के अंदर बहुत सारे छात्र स्कूल और कॉलेज जाने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं। मेट्रो दिल्ली की लाइफलाइन है, लेकिन मेट्रो बहुत महंगी हो गई है। एक आम छात्र के लिए उसे वहन करना मुश्किल हो गया है। मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार का 50–50 वेंचर है। इसका फायदा और नुकसान दोनों सरकारों के बीच में 50–50 शेयर होता है। मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि हमें मेट्रो में छात्रों को 50 फीसद की रियायत देनी चाहिए। साथ ही, रियायत देने के कारण जो खर्चा आएगा, उसे दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच में 50–50 के अनुपात में शेयर किया जाए। यह बिल्कुल जनहित का मामला है। इसमें कोई राजनीति नहीं है और ना ही राजनीति होनी चाहिए।"

श्री केजरीवाल ने कहा, "मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे बच्चों और युवाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरी इस अपील को जरूर स्वीकार करेंगे। हम चुनाव खत्म होने के बाद छात्रों के लिए बसों में मुफ्त सफर कर देंगे और मेट्रो में उन्हें 50 फीसद की रियायत देंगे।"

उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा, "मैं दिल्ली के स्कूल और कॉलेज के छात्रों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के छात्र अपने स्कूल अथवा कॉलेज तक आने– जाने के लिए बड़े पैमाने पर मेट्रो पर निर्भर हैं। छात्रों पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मैं दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50 फीसद की रियायतें देने का प्रस्ताव रखता हूं। दिल्ली मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच 50–50 फीसद की सहयोग की परियोजना है। इसलिए इस पर होने वाले खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार आधा–आधा वहन करें।

## दौसा में फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार दुर्घटनाग्रस्त

दौसा 17 जनवरी (एजेंसी)। राजस्थान के दौसा जिले में शुक्रवार दोपहर जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा दोपहर करीब 145 बजे दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुआ। बताया जा रहा है कि अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई, जिससे काफिले की एस्कॉर्टिंग कर रही दिल्ली पुलिस की गाड़ी उससे टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के आगे के दोनों एयरबैग खुल गए और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में फारूक अब्दुल्ला सहित काफिले में मौजूद किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। दुर्घटना के वक्त फारूक अब्दुल्ला अजमेर दरगाह की जियारत के लिए जा रहे थे। हादसे के तुरंत बाद कुछ देर के लिए वे घटनास्थल पर रुके, स्थिति का जायजा लिया और फिर लगभग 2 बजे अजमेर के लिए रवाना हो गए। दुर्घटना के संबंध में एस्कॉर्टिंग कार में सवार दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल पप्पूराम मीणा ने बताया कि दौसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के भांडारेज इंटरचेंज के पास यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि जब उनका काफिला हाईवे पर सफर कर रहा था, तभी अचानक पेड़ों के झुरमुट से एक नीलगाय छलांग लगाकर सड़क पर आ गई। कार चालक के पास इतने कम समय में प्रतिक्रिया देने का मौका नहीं था, जिससे टक्कर हो गई।पुलिस के अनुसार, एस्कॉर्टिंग गाड़ी में चार लोग सवार थे, जो सभी अजमेर जा रहे थे। टक्कर के कारण वाहन को काफी नुकसान हुआ, लेकिन किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं पहुंची। हादसे के बाद सुरक्षा कारणों से थोड़ी देर के लिए काफिला रुका और फिर कुछ समय बाद फारूक अब्दुल्ला अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। इस हादसे के बाद फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। वे पूरी तरह सुरक्षित हैं और हादसे के बावजूद उन्होंने अपना अजमेर दौरा जारी रखा। हादसे के दौरान कार में मौजूद अन्य लोगों को भी कोई चोट नहीं आई, जिससे किसी प्रकार की गंभीर स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। राजस्थान के कई हिस्सों में नीलगाय और अन्य वन्यजीवों के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

## बसपा ने दिल्ली की 69 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

नयी दिल्ली 17 जनवरी (एजेंसी) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 सीटों में से 69 पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी।बसपा ने यहां जारी उम्मीदवार सूची में दिल्ली के 69 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी ने बाबरपुर विधानसभा से उम्मीदवार नहीं उतारा है। पार्टी ने महत्वपूर्ण नयी दिल्ली सीट से वीरेंद्र, कालकाजी से पीतम, जंगपुरा से रविंद्र कुमार और करोल बाग (सुरक्षित) रणजीत कुमार गंगवाल को चुनाव मैदान में उतारा है।

## राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के लिए 11हजार 440 करोड़ रूपये का पैकेज मंजूर

नयी दिल्ली 17 जनवरी (एजेंसी) सरकार ने घाटे में चल रही इस्पात क्षेत्र की महत्वपूर्ण कंपनी राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को फिर से पटरी पर लाने के लिए 11 हजार 440 करोड़ रूपये का पैकेज मंजूर किया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

उन्होंने कहा कि इस कंपनी को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए यह एक बहुत बड़ा पैकेज है। यह देश के इस्पात क्षेत्र की बेहद महत्वपूर्ण कंपनी है जो आंध्र प्रदेश में स्थापित है। उन्होंने कहा कि इसकी विशेषता यह है कि इसका संयंत्र बंदरगाह से लगा है। इससे संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 11 हजार 440 करोड़ रूपये का पैकेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे कंपनी के कामकाज में तेजी से सुधार होगा। शुरु में दो ब्लास्ट फर्नेंस के साथ काम किया जायेगा और अगस्त तक तीन ग्लास फर्नेंस के साथ इसका काम होगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। भारत में जिस प्रकार से इस्पात की मांग बढ़ रही है उसमें कंपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

## सांसद रवि किशन ने संगम में डुबकी लगाई, बोले- अखिलेश भी महाकुंभ आएं

प्रयागराजी (एजेंसी)। भाजपा सांसद रवि किशन आज महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने पूजा–अर्चना कर संगम में डुबकी लगाई। नाव पर बैठकर सैर भी की। उन्होंने कहा अखिलेश यादव को भी यहां आकर स्नान करना चाहिए। जिससे उन्हें सनातन संस्कृति की बेहतर समझ मिल सके।राहुल गांधी और प्रियंका गांधी महाकुंभ मेंआएंगे। संगम मेंस्नान कर साधु–संतोंसे आशीर्वाद लेंगे। दोनोंनेता कांग्रेस के सेवा दल के शिविर मेंआएंगे। सेवादल से जुड़ेएक पदाधिकारी ने बताया राहुल के कार्यक्रम का शेड्यूल अभी नहीं आया है। हालांकि, कांग्रेस की तरफ से इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है।

# मिल्कीपुर उपचुनाव : भाजपा व सपा प्रत्याशियों ने अंतिम दिन दोबारा किया नामांकन

**-भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु ने एक सेट तो सपा के अजीत ने दो सेट में भरा पर्चा**
**-दोनों प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जीत का किया दावा**



अयोध्या।(एजेंसी) मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में दो– दो बार नामांकन के बाद प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भाजपा के चन्द्रभानु और सपा के अजीत प्रसाद ने जीत का पक्का दावा ठोंका है। खास बात यह कि चुनावी रणभेरी के बाद पहला तीर एक दूसरे को विधानसभा क्षेत्र से बाहरी होने का छोड़ा है। जिसका जनता पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। बल्कि यहां प्रत्याशियों से अधिक पार्टी की साख पर चर्चा हो रही है। बैकडोर से दोनों दलों भाजपा और सपा प्रत्याशियों ने जातीय टीमों को जनसंपर्क में उतारा है। जहां घर और बाहर का विवाद दूर दूर तक नहीं चल रहा। कारण यह कि मूल रूप से सपा प्रत्याशी सोहावल से भाजपा प्रत्याशी रुदौली क्षेत्र के हैं। जनसंपर्क टीमें विकास विकास कार्यों को लेकर उपलब्धियों के अलावा स्थानीय समस्याओं को दूर करने का वादा कर अपने पक्ष में वोट मांग रही हैं। वहीं नामांकन के आखिरी दिन सपा के बागी नेता सूरज चौधरी ने आजाद समाज पार्टी से एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के बाद सूरज चौधरी ने कहा कि जनता एक बार हमें मौका दे। मैं मिल्कीपुर की दबी कुचली जनता की आवाज बनूंगा। उनके हर दुख दर्द में साथ खड़े रहेंगे। सूरज चौधरी ने कहा उन्होंने अवधेश को विधायक बनाया, सांसद बनाया और जब टिकट देने की बारी आई तो किनारा कर लिया। माना जा रहा कि सूरज सपा का खेल बिगाड़ सकते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं में सेंध लगा सकते हैं। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में नामांकन के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने एक सेट में दोबारा नामांकन किया है। पहली बार बुधवार को तीन सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है। पर्चा दाखिले के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने कहा कि मिल्कीपुर की जनता उन्हें लाखों वोटो से जिताएगी। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद के आरोप कि लड़ाई बाहर और घरवाले की है पर चंद्रभानु ने कहा कि पिछले 10–12 साल से मैं और मेरा परिवार मिल्कीपुर की जनता का सेवा कर रहा है।उनके सुख–दुख में शामिल होते आए हैं। यह उन्हें तय करना है कि कौन घर का है कौन बाहर का है।

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के नामांकन के आखिरी दिन सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने भी दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सांसद पुत्र व सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर में सिर्फ अखिलेश यादव की साइकिल देखी जा रही। मिल्कीपुर का नौजवान अखिलेश यादव के साथ है। बहुत बड़े अंतर से यहां समाजवादी पार्टी जीतेगी। समाजवादी पार्टी ने आरोप दोहराया कि चुनाव में बाहरी और घर वाले की लड़ाई है। भाजपा के पास प्रत्याशी नहीं था उसे बाहर से प्रत्याशी उतारना पड़ा है। भाजपा में जिनको टिकट नहीं मिला उनमें नाराजगी है। कहा कि भाजपा के नाराज स्थानीय नेता अखिलेश यादव की तरफ देख रहे हैं। उन्हें साइकिल अच्छी लग रही है। अजीत प्रसाद ने एक और तंज किया कि भाजपा ने मिल्कीपुर में विकास कार्य किया होता तो सीएम योगी और उनकी कैबिनेट को मिल्कीपुर के मैदान में नहीं उतरना पड़ता। सपा प्रत्याशी ने कहा कि यह स्वर्गीय मित्रसेन यादव की धरती है। यहां से समाजवादी पार्टी बहुत बड़े अंतर से जीतेगी।

17 जनवरी को नामांकन का अंतिम दिन था। सपा, भाजपा के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। कलेक्ट्रेट मार्ग पर भारी भीड़ रही। पार्टी और प्रत्याशियों के नाम से नारेबाजी होती रही। गहमागहमी देखते हुए भी सुरक्षा को लेकर एसएसपी राजकरण नैयर गश्त करते रहे। एसएसपी ने बताया कि नामांकन के दौरान नामांकन स्थल पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। किसी भी मतदाता को प्रभावित करने की पोस्ट की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान को लेकर एसएसपी ने कहा कि 20 जनवरी के बाद पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बड़े स्केल पर एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज मिल्कीपुर क्षेत्र में की जाएगी।

# टोलियां बनाकर घर-घर सम्पर्क करें मोर्चा व प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता : जेपीएस राठौर



अयोध्या।(एजेंसी ) मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सभी सात मोर्चा व प्रकोष्ठों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। युवा, महिला, किसान, अनूसूचित, किसान, अल्पसंख्यक व पिछड़ा मोर्चा सहित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता टोली बनाकर घर–घर सम्पर्क करेंगे। जनसम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने मोर्चा अध्यक्षों तथा विभाग के संयोजकों के साथ बैठक की।बैठक में राज्य मंत्री ने कहा मोर्चा तथा विभागों के कार्यकर्ता छोटी–छोटी टोलियां बना लें। मोर्चा अध्यक्ष सभी से समन्वय स्थापित करते हुए हर घर हर मतदाता से सम्पर्क की योजना बनाएं। हर घर – हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क करना है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से विशेष तौर पर सम्पर्क करना है। सर्वाजनिक स्थलों पर व जनसम्पर्क के दौरान लोगों से सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करनी है। टोलियां अपने क्षेत्र में विशेष ध्यान दे कि कोई भी घर न छूटे जिनसे सम्पर्क न हो सके। उन्होंने कहा मतदान वाले दिन अपने वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। संचालन जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा हर्षवर्धन सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, किसान मोर्चा भूपेंद्र सिंह बल्ले, पिछड़ा वर्ग मोर्चा सुधीर गुप्ता, महिला मोर्चा सरोज मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा किशोरी लाल भारती, अल्पसंख्यक मोर्चा निजामुद्दीन, विनय सिंह बिन्नू, भास्कर दास, अरुण गुप्ता, राम सजीवन मिश्रा, अंकित दुबे, विवेक पांडे, दीवान चंद शिवराम यज्ञ सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अयोध्या विधायक ने 1500 जरूरतमंदों को बाटे कंबल

**-आयोजित किया खिचड़ी भोज, खुद परोसा कार्यकर्ताओं को खिचड़ी**



अयोध्या।(एजेंसी ) अयोध्या मण्डल, करियप्पा मंडल और देवकाली मंडल के लगभग कार्यकर्ताओं के लिए खिचड़ी भोज और 1500 जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण का आयोजन किया। सभी कार्यकर्ताओं से मिल्कीपुर में लगकर भाजपा के प्रत्याशी की विजय हो इसकी अपील भी की गई। और कहा कि हम मिल्कीपुर विधानसभा जीतने के साथ 2027 में पुनः सरकार बनाने का काम करेंगे। आयोजन अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की ओर से किया गया। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल बांटे गए और एक साथ खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, सहकारी बैंक के सभापति टिल्लू सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्ष वर्धन सिंह, दीपेंद्र सिंह, भाजपा नेता अमल गुप्ता, अभय सिंह, हरभजन गौड़, अरविंद सिंह, अनुराग त्रिपाठी, आलोक देवेदी, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य, संजय शुक्ला समेत अन्य कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लिया और समाज में सशक्तता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को सर्दी से बचने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास पर पूरी तरह ध्यान दे रही है। जनता को किसी प्रकार की दिक्कत ना उसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जो इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

# आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जाय सुनिश्चित : नवीन एस.एल.

**-निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं की तैयारी के सम्बंध में सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक**



अयोध्या।(एजेंसी ) 273–मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जनपद स्तर पर गठित विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के नामित नोडल अधिकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तथा निर्वाचन जब्ती प्रबन्धन प्रणाली एवं निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं की तैयारी के सम्बंध में सामान्य प्रेक्षक नवीन एस0एल0 (आई0ए0एस0) व पुलिस प्रेक्षक चौतन्य रवीन्द्र मांडलिक (आई0पी0एस0) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।सामान्य प्रेक्षक नवीन एस0एल0 ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन सम्पन्न कराया जाय तथा ई0वी0एम0 एवं स्ट्रांग रूम के सम्बंध में आयोग के निर्देशों का अक्षरसः पालन किया जाय। साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि एस0एस0टी0 व एफ0एस0टी0 की टीमों द्वारा पूर्ण मुस्तैदी से कार्य को किया जाय तथा कन्ट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों द्वारा दिये जाने वाले विज्ञापनों व पेड न्यूज के साथ साथ उनके व्यय विवरणों का भी सही से आकलन किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सामान्य प्रेक्षक को आश्वासन देते हुये कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र व पारदर्शिता से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैंकों के द्वारा बड़े लेन देन व आबकारी विभाग द्वारा भारी मात्रा में मदिरा की खरीद बिक्री पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि निर्वाचन के तहत दिये गये दायित्वों का आयोग के निर्देशानुसार शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय और किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। पुलिस प्रेक्षक चौतन्य रवीन्द्र मांडलिक ने कहा कि मिल्कीपुर उप चुनाव में आयोग के निर्देशानुसार लॉ एण्ड आर्डर का पूर्ण तरीके से अनुपालन किया जाय तथा पुलिस सम्बंधित जो भी शिकायतों प्राप्त हो रही है उन पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती की जा रही है तथा मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सभी थानों के पुलिस जवानों द्वारा निरंतर गश्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेडिंग लगा करके सघन जांच करायी जा रही है तथा एस0एस0टी0, एफ0एस0टी0, आबकारी आदि टीमों द्वारा शिफ्टवार निरन्तर टीमों को लगाकर चेकिंग की जा रही है। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य नोडल अधिकारियों ने अब तक की तैयारियों के सम्बंध में बिन्दुवार विस्तृत रूप से प्रेक्षक को अवगत कराया।

# मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बाबा रामदीन कुटिया का किया निरीक्षण



अयोध्या।(एजेंसी ) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के निर्देश पर पर्यटकीय सुविधाओं के विकास हेतु अबनपुर सरोहा स्थित बाबा रामदीन कुटिया का संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।शुक्रवार को संतोष कुमार शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के निर्देश पर संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पी०एन० सिंह द्वारा मनोज कुमार अवर अभियन्ता, उ०प्र० प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि० के साथ किया गया। निरीक्षण के समय रामभक्त सुग्रीव जी पुजारी तथा गौरव आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के अवर अभियंता मनोज द्वारा अवगत कराया गया कि श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अयोध्या द्वारा प्रेषित कार्य योजनाओं में से निदेशालय द्वारा पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु बाबा रामदीन कुटिया के क्षेत्र को विकसित करने हेतु स्वीकृतिध्अनुमोदन प्राप्त हुआ है, जिसका डी०पी०आर तैयार कर निदेशालय को प्रेषित किया गया है। इस प्रोजेक्ट में एक यात्री हॉल, कामन टायलेट, स्टोन बेंच, गेट, सोलर लाइट, साइनेज तथा स्टोन फ्लोरिंग के कार्य को सम्मिलित किया गया है। निरीक्षण के समय उपस्थित ग्रामीण गौरव द्वारा बताया गया कि इस कुटिया मंदिर पर अभी कोई कमेटी नहीं बनी है श्री हनुमान जी तथा राम, लक्ष्मण सीता का मन्दिर स्थापित है। ग्राम के लोग ही आपस में सहयोग करके इस मन्दिर का रख रखाव करते है। मंदिर के नाम 10 बीघा के करीब भूमि है प्रत्येक मंगलवार इस कुटिया मंदिर पर आसपास के ग्रामीण दर्शन करने आते है दीपावली के दूसरे दिन इस मंदिर पर मेला लगता है तथा एक भण्डारा होता है, जिसमें 2–3 हजार लोग सम्मिलित होते है।संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद पी०एन० सिंह द्वारा स्थल पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सोलर लाइटों को इस तरह से लगाया जाए जिससे मंदिर के चारों ओर रोशनी रहे। कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाये। स्टोन फ्लोरिंग का कार्य फर्श को ऊँचा करके कराया जाए जिससे बरसात में मन्दिर के अन्दर पानी न आने पाये। मन्दिर के किनारे एक कुआं है बताया गया कि इस कुँए का पानी पीने के लिये इस्तेमाल नहीं होता है। निर्देशित किया गया कि कुँए के ऊपर एक जाल डालकर इसे अच्छा लुक दिये जाने के कार्य को भी इसी स्वीकृत धनराशि में सम्मिलित कर किया जाये।

# अविवि की सेमेस्टर परीक्षा में 101790 परीक्षार्थी में से 2814 अनुपस्थित



अयोध्या।(एजेंसी ) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी यू.जी. व पी.जी. तथा वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट की सेमेस्टर परीक्षा शुक्रवार को हुई जिसमें तीन पालियों में 101790 परीक्षार्थियों में से 2814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की प्रथम पाली की परीक्षा में 36295 परीक्षार्थी, द्वितीय पाली में 63170 व तृतीय पाली में 2325 परीक्षार्थियों के सापेक्ष क्रमशः 1524, 1258 व 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि यूजी व पीजी एवं अन्य सेमेस्टर की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की गई। इस दिन की परीक्षा में 101790 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# कुष्ठ आश्रम में अनाज व फल वितरण के साथ आरंभ हुआ नेताजी का जन्मोत्सव

अयोध्या।(एजेंसी ) नेताजी सुभाषचंद्र बोस राष्ट्रीय विचार मंच के तत्वावधान में शुक्रवार से नेताजी का जन्मोत्सव सप्ताह आरंभ हो गया।



शुक्रवार को कुष्ठ आश्रम में अनाज व फलों का वितरण किया गया। जिला सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कहाकि भारत की स्वतंत्रता में नेताजी का अवदान किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने अनेक अवसरों पर अंग्रेजों को न सिर्फ कड़ा उत्तर दिया, बल्कि भारतीयों का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहाकि मंच के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने कहाकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का समीकरण यहां जीवन व्यतीत करने वाले गुमनामी बाबा से भी स्थापित किया जाता है। उनके पास मिली अनेक वस्तुओं से यह समीकरण पुष्ट होता है। उन्होंने कहाकि नेताजी का जन्मोत्सव सप्ताह 23 जनवरी तक चलेगा।उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को नेताजी के योगदान के प्रति जागरूक करने के लिए शनिवार को विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें प्रबंधकों से आह्वान किया जाएगा कि विद्यालयों में नेताजी से संबंधित निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। 21 जनवरी को गुप्तारघाट स्थित गुमनामी बाबा की समाधि पर 51 सौ दीये प्रज्वलित कर नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। 23 जनवरी को चौक स्थित अमर बलिदानी मंगल पांडेय चौक से नगर निगम परिसर स्थित नेता जी की प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला जाएगा।

# खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह के हाथों पाँच सौ गरीबों में कंबल वितरण किया गया

आजमगढ़(एजेंसी)लालगंज विकास खण्ड के ग्राम सभा रेवसा कठौनी में खंड विकास अधिकारी अलोक कुमार सिंह के हाथों गरीबों में बांटा गया कंबल । लालगंज के ठकठउवा में बी एस एम जन सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी पूर्व प्रधान धीरेन्द्र सिंह के आवास पर शुक्रवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह का प्रताप नारायण सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि प्रभारी एडीओ पंचायत ओ पी सिंह का धीरेन्द्र सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया । कार्यक्रम में उपस्थिति लोगो ने बारी बारी मुख्य अतिथि का स्वागत किया।खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह के हाथों गरीबों में लगभग 500 कंबल वितरित किए गए। ट्रस्टी पूर्व प्रधान धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारा ट्रस्ट हमेशा गरीब असहायों की मदद के लिए अनेकों कार्यक्रम करता रहता है। गरीबों में दवा,कंबल वितरण, शिक्षा, सम्बन्धित कार्यक्रम ट्रस्ट के द्वारा लगातार होते रहते हैं । कम्बल प्राप्त करने वालों में कौशल्या, गीता, दुलारा, झगडू चनरा, अली मुहम्मद, इंद्रावती, सरजू यादव, सूर्यबली यादव, रामफेर राम, कंचन,रामनयन राम, सहित पांच सौ लोगों को कंबल वितरण किया गया । वीडीओ आलोक कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत में सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक गरीब को पक्का घर देने का वादा किया। खुले में शौच न करने की अपील की । सरकार की योजनाओं पर हर गरीब का अधिकार है जिसे वह प्राप्त करे वृद्ध व्यक्ति पेंशन योजना का लाभ उठाएं। जिनको समय से राशन न मिले अधिकारियों को बताए । सरकार की सभी योजना का लाभ उठाएं समस्या आने पर हमसे सम्पर्क करें, कार्यक्रम का संचालन कैलाश यादव ने किया।कार्यक्रम के अंत में पूर्व प्रधान धीरेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रभारी एडीयो पंचायत आप सिंह,ग्राम विकास अधिकारी सुधीर कुमार पांडेय,संजय यादव,धनंजय तिवारी,प्रदीप सरोज,संतोष यादव,रवि, विवेक सिंह,मनोज सिंह, पप्पू लाल,शुभम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर खेत मजदूर संगठन ने किया धरना प्रदर्शन



अयोध्या।(एजेंसी ) संविधान पर हमला और डॉ अम्बेडकर की विरासत का अपमान करने वाले गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश खेत मजदूर संगठन ने गुरुवार को विकास खण्ड पूरा बाजार में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन ए डी ओ को सौंपा। धरने की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी एवं संचालन महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के ऊपर अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी भाजपा व आर एस एस की दलित विरोधी सोच को दर्शाती है। भाजपा और आरएसएस संविधान और लोकतंत्र पर लगातार हमला कर रही है। आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत ने तो 1947 में देश को मिली आजादी को ही खारिज कर दिया। देश में मनु स्मृति का संविधान लागू करने की छटपटाहट भाजपा के नेताओं के बयानों से स्पष्ट झलकता है। जनता ने इन्हें स्पष्ट बहुमत न देकर इनके संविधान बदलने के इरादे को रोक दिया। मोदी सरकार के संविधान और लोकतंत्र विरोधी सोच का पर्दाफाश हो चुका है। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का अपमान देश की जनता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेगी। धरने को संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक मया राम वर्मा, भाकियू नेता कमला प्रसाद बागी, संगठन के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, शिवराम, राम पाल आदि ने संबोधित किया तथा उर्मिला, माला, लक्ष्मी, संजू , श्रीमती, पूनम, पुष्पा, रामावती, विद्यावती, राम करन, बेंचूराम, राम नाथ, सुनील, यदुनाथ, अरुण, प्रदीप, चन्द्र भान, रितिक आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# आजाद नेता ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जहीर खान की पुण्य तिथि पर हजारों गरीबों को बाटा कम्बल

आजमगढ। आजमगढ़ जिला के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के गोंछा गांव निवासी आजाद नेता जाहिद खान उर्फ घड़ी द्वारा 16 जनवरी को अपने मकान पर अखिल भारतीय समरसता विचार मंच के तत्वधान मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड जहीर खान की 24 वी पुण्यतिथि पर कंबल वितरण का आयोजन किया गया था।जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथ बहुजन समाज पार्टी के पूर्व सांसद डॉक्टर बलराम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके बाद वहां मौजूद सैकड़ो महिला पुरुषों को कंबल वितरण किया। यह कंबल वितरण का कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड जहीर खान के पोते आजाद नेता द्वारा हर साल किया जाता है। इसी कड़ी में उन्होंने लगभग एक सप्ताह पहले आजमगढ़ शहर के नेहरू हाल में जिले के 22 ब्लॉकों के महिला पुरुषों को आमंत्रित कर कंबल वितरण किया था । इसी कड़ी में उन्होंने 16 तारीख को अपने प्रतिष्ठान से हजारों गरीब महिला पुरुषों को कंबल वितरण समारोह में आत्रित किया था जिसमें क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने अपने कर कमलों से गरीब महिला पुरुषों को कंबल वितरण किया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

आजमगढ़(एजेंसी)गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर (दयालपुर ) गांव में बृहस्पतिवार की रात्रि लगभग 11रु00 बजे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें एक पक्ष की सरिता का सर फट गया और वह बेहोश हो गई इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर (दयालपुर) गांव निवासी हंसा देवी पत्नी सुभाष यादव ने शुक्रवार को गंभीरपुर थाने में तहरीर दिया पीडित द्वारा दिए गए तहरीर के मुताबिक बृहस्पतिवार की रात्रि को लगभग 11रु00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसके पड़ोसी अरविंद पुत्र दिल राम, दिलराम पुत्र विशंभर, बंसराजी पत्नी दिलराम, रीता पत्नी रामानंद, अंशिका उर्फ अन्नू पुत्री रामानंद व दो अज्ञात लोग मेरे घर पर आकर भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडा से मारने पीटने लगे जिसमें मेरी पुत्री सरिता का सर फट गया और वहां बेहोश हो गई। गंभीरपुर थाना अध्यक्ष बसंत लाल ने बताया कि पीडित द्वारा दी गई तहिरी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# बिस्तर से गायब दूधमुंही बच्ची का छत विछत शव मिलने से क्षेत्र मे दहशत का माहौल

आजमगढ़।(एजेंसी)आजमगढ़। जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के श्रीकांतपुर गांव में शुक्रवार की भोर में पांच माह की मासूम का आधा शरीर बरामद हुआ। जो गुरुवार की रात से ही बिस्तर से गायब हो गई थी। परिजन उसकी तलाश में जुट हुए थे। भोर में उसका शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र निवासी मटरू अपनी ससुराल देवगांव कोतवाली क्षेत्र के श्रीकांतपुर में रहता है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। गुरुवार की रात मटरू की पत्नी अपने पांच माह की बेटी मधु को लेकर साथ में सोई। भोर में लगभग तीन बजे उसकी आंख खुली तो मधु बिस्तर पर नहीं थी। इसके बाद पति और पत्नी ने बेटी की तलाश शुरू की। लगभग एक घंटे की तलाश के बाद घर से 500 मीटर दूर सिवान में मासूम का आधा खाया हुआ शरीर मिला। मासूम का शव मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, लोगों की मानें तो मासूम को सोते समय गीदड़ उठा ले गया होगा। उसी ने आसूम को अपना निवाला बना लिया होगा।

# सोशल मीडिया पर मार पीट की विडीओ मे दिखी हरकत तो पुलिस को मिली बरकत



आजमगढ़ एजेंसी)सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होने पर पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही इसमें शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो गंभीरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर गांव का बताया जा रहा है। जिसमें देखने में आ रहा है कुछ लोग महिलाओं को मारपीट रहे हैं। महिलाओं के चिल्लाने की आवाजें आ रही हैं। उक्त लोगों द्वारा मारपीट कर महिलाओं को घायल कर दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि यह पट्टे की जमीन का मामला है। जिसमें राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराया था। निस्तारण के बाद रात में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही एक लोगों की गिरफ्तारी भी हो गई है। जल्द ही दूसरे व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सिरौलीगौसपुर की एसडीएम बनी काव्या सी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी(एजेंसी )। तहसील सिरौलीगौसपुर में नवनियुक्त एसडीएम काव्या सी ने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक फरियादी को न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।आईएएस अधिकारी काव्या सी ने स्पष्ट किया कि किसी भी फरियादी को बार–बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी फाइलों का निस्तारण समयावधि के भीतर किया जाए। साथ ही,सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वे अपनी टीम के साथ मिलकर काम करेंगी।

# पानी के लिए भटक रहे हैं रईस कटरा वार्ड के नागरिक

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड रईस कटरा वासियों को पिछले एक सप्ताह से वाटर सप्लाई का पानी नही मिल रहा है। जिसकी शिकायत वार्ड सभसाद व वार्ड वासियों नगर पंचायत कार्यालय में की है। लेकिन पेयजल आपूर्ति बहाल नही हो पाई है। हर घर जल पहुंचाने की सरकार की योजना नगर पंचायत जैदपुर में पूरी होती नजर नही आ रही है। वार्डवासी पिछले एक सप्ताह से वाटर सप्लाई का पानी नही आने की शिकायत वार्ड सभासद व नगर पंचायत कार्यालय में किए हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।मोहल्ला रईस कटरा ब्रह्मनान चमरही पुरानी पुलिस चौकी व दर्जी मोहल्ला के लोगों को पानी नहीं मिलने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जल निगम द्वारा धीमी गति से पाइप लाइन बिछाने के कारण जनता परेशान हैं। जल निगम द्वारा जहां नई पाइप लाइन डालते हैं। वहां पर पुरानी पाईप लाइन बंद कर देते हैं। जिससे पुरानी पाइप लाइन का पानी बंद हो जाता है। जिससे पानी की दिक्कत बनी हुई है।

# 860 निजी स्कूलों में मुफ्त में शिक्षा पा सकेंगे बच्चे

बाराबंकी(एजेंसी )। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले में पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक स्तर पर निजी 860 स्कूलों 8072 सीटों उपलब्ध है। नए शिक्षा सत्र 2025–26 में द्वितीय चरण हेतु आवेदन की प्रक्रिया गतिमान है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पहले चरण में 528 बच्चों को वलीन लॉटरी के मध्यम से विद्यालय आवंटित हुआ। लोगों से ऑन लाइन आवेदन लिये जाएंगे। आवेदन लेने की प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी। आवेदन की तिथि 1 जनवरी से लेकर 19 जनवरी तक कर सकते है। लॉटरी की आखिरी तारीख दिनांक 24 जनवरी निर्धारित की गयी है। गरीब वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा मिल सके इसके लिए शासन ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम बनाया।

# 9 शातिर चोर गिरफ्तार, लाखो रुपये का चोरी का माल बरामद

## वेयर हाउस में हुई चोरी की घटना का खुलासा




बाराबंकी(एजेंसी )।कोतवाली प्रभारी देवा व सर्विलांस व स्वाट टीम प्रभारियों ने संयुक्त रुप से छापा मारकर वेयर हाउस में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया। इस घटना में शामिल 9 लोगों को गिरफ्तार किया और चोरी किया गया लाखो रुपये कीमती सामान व अवैध असलहे पुलिस ने बरामद किये। पुलिस ने सभी चोरी को जेल भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह ने इस गुडवर्क का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार, बीती 8 जनवरी को मेसर्स ओम लजिस्टिक्स लिमिटेड के शाखा प्रबन्धक रंजीत झा पुत्र राजकांत झा ने कोतवाली देवा में जा करके सूचना दी कि थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माती स्थित वेयर हाउस, जो माल परिवहन के लिए लोडिंग, अनलोडिंग एवं भण्डारण के लिए किराये पर ले रखा है, से कई कार्टन माल चोरी हो गया है। उन्होने यह भी लिखा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला कि बीती 3ध4 जनवरी की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा अपने चेहरे को ढ़क कर वेयर हाउस के पीछे की टिन शेड को खोलकर माल के कार्टन चोरी कर ले गये हैं। उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली प्रभारी देवा ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरु कर दी। कोतवाली प्रभारी देवा अनिल कुमार पाण्डेय और स्वॉट व सर्विलांस टीम प्रभारियों ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए बीती 16 जनवरी की रात्रि को कोतवाली देवा के ग्राम धौरमऊ निवासी कृष्ण मोहन पुत्र राम प्रवेष मौर्या, जनपद आगरा के थाना कमला नगर के ग्राम बल्केष्वर निवासी दीपक अग्रवाल पुत्र स्व. विषन अग्रवाल, कोतवाली फतेहपुर के ग्राम मतपुरवा निवासी हनुमान रावत पुत्र केदार इसी थाना क्षेत्र के ग्राम शेषपुर अलीपुर निवासी कुलदीप पुत्र रामदुलारे रावत थाना जहांगीराबाद के ग्राम पंचायत रोटी निवासी सुधीर पुत्र रामनरेश रावत, कोतवाली देवा के ग्राम गौरिया निवासी ओमकार पुत्र लालजी वर्मा, कोतवाली नगर के मोहल्ला लाजपत नगर निवासी गुरूमीत सिंह पुत्र हरबक्श सिंह, कोतवाली देवा के ग्राम ढर्रेपुर निवासी मनोज पुत्र सोहन लाल व जनपद लखनऊ के मोहल्ला त्रिपाठी नगर निवासी रनमीत सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह को कोतवाली देवा क्षेत्र के ग्राम टिकरिया के पास स्थित जरुआ जंगल से सभी लोगों को धर दबोचा। तलाषी के दौरान पुलिस ने इन लोगों के पास से 85 कार्टन मोटर पार्टस, दो चार पहिया वाहन, तीन मोबाइल फोन, 5,990 रूपये नकद व एक अवैध असलहा पुलिस ने बरामद किया। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त कृष्ण मोहन व हनुमान रावत पूर्व में टेल्को कम्पनी में गाड़ियां चलाते थे तथा इन दोनों का परिचय अभियुक्त दीपक अग्रवाल निवासी बल्केष्वर थाना कमलानगर जनपद आगरा से हुआ जो ऑटो मोटर पार्ट्स की दुकनों पर गाड़ियों के पार्ट्स बेचने का काम करता है। अभियुक्त हनुमान रावत व कृष्ण मोहन ने वेयर हाउस में चोरी करने के लिए एक गैंग बनाया तथा उस चोरी किये गये सामान को बेचने के लिए दीपक अग्रवाल को सम्मिलित किया। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि योजनानुसार अभियुक्तगण द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत माती स्थित वेयर हाउस को चिन्हित किया गया, क्योंकि वेयर हाउस के पीछे खाली स्थान था, जहां पर आसानी से गाड़ी आ सकती है। अभियुक्तगण द्वारा बीती 3 जनवरी की रात्रि को वेयर हाउस के पीछे टिन की दीवार के नट–बोल्ट खोलकर टिन को खिसका कर घुस गये और सामान निकाल कर बाहर इकठ्ठा करने के बाद गाड़ी बुलाकर लाद कर चले गये। अगले दिन जब अभियुक्तगण को पता चला कि चोरी के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं हुई तो बीती 4 जनवरी को पुनः वेयर हाउस में जाकर अन्य सामान चोरी किया। वेयर हाउस से माल की डिमाण्ड होने पर वेयर हाउस कर्मचारी जब अन्दर गये और गिनने पर माल कम पाया तो सीसीटीवी फुटेज देखा तो चोरी का पता चल सका। अभियुक्तगण द्वारा वेयर हाउस में दो बार सामान निकाल कर चोरी करने से मन बढ़ गया और बाराबंकी के आस पास के जनपदों के अन्य कई वेयर हाउस पर चोरी करने की योजना बनाई गई थी। उन्होने यह भी बताया कि बीते वर्ष 2024 में अभियुक्त कृष्ण मोहन व मनोज ने वर्ष–2024 में जनपद लखनऊ के गुडम्बा थाना स्थित वेयर हाउस में चोरी की थी।

# मनरेगा मानीटर ने ग्राम पंचायतो का किया निरीक्षण, परखी हकीकत



रामनगर, बाराबंकी(एजेंसी )।स्टेट क्वालिटी मानीटर मनरेगा संजय कुमार श्रीवास्तव ने ब्लॉक रामनगर की पांच ग्राम पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण कर मनरेगा के द्वारा कराए गए कच्चे व पक्के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा खुदवाकर मानक परखा।कार्य के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार के साथ वे ग्राम पंचायत सिरौली कलां पहुंचे जंहा मनरेगा योजना से खुदवाए जा रहे हैं तालाब का स्थलीय निरीक्षण कर काम कर रहे मनरेगा मजदूरों से बातचीत की और अभिलेख देखे। इसके बाद निर्माणाधीन खारजा पुलिया का भी जायजा लिया और समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। किन्हौली में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व मुरलीधर ओझा पक्के अमृत सरोवर का घूम कर निरीक्षण किया तथा अच्छा निर्माण पाकर प्रधान की तारीफ की। यंही पर हाइवे किनारे बन रही हॉट बाजार का भी निरीक्षण कर प्लास्टर,खम्भा आदि बनवाने के संबंध में दिशा निर्देश दिया तथा जल्द निर्माण पूरा कराने को कहा। ग्राम पंचायत महंगूपुर में मनरेगा योजना से बनवाई जा रही विद्यालय की बाउंड्री वॉल को देख जे ई से उसकी गुणवत्ता परखवाई। ग्राम पंचायत दलसराय मे मनरेगा योजना से लगवायी गई इंटरलॉकिंग को देखा तथा उसे खुदवा कर नीचे रोडे देखे।बॉक्सिंग व उसके ऊपर लगा प्लास्ट भी तुड़वाया जो सही मिला। इंटर लॉकिंग ईंट की लम्बाई चौडाई नापी।ग्राम पंचायत अमोली कीरतपुर में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया और कराए गए निर्माण कार्य को देखा। गौशाला का रख–रखाव चार भूसा की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। गौशाला में सांड एवं गायों को अलग–अलग रखा गया था व दूध देने वाली गाये भी अलग थी। निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत देखकर स्टेट मनरेगा क्वालिटी मॉनिटर ने संतोष जताया।

# अधिकारियों के छापामारी से मचा हड़कम्प कई दुकानों के भरे गये नमूने



बाराबंकी(एजेंसी )। शुक्रवार को उप कृषि निदेशक ने तहसील नवाबगंज और तहसील फतेहपुर में नौ दुकानो पर छापा मारा और तीन नमूने ग्रहित किये तथा अभिलेखों का निरीक्षण करने के साथ किसानों को कैश–मेमौ उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा मे0 विजय कृषि सेवा केन्द्र, दादनपुर, कन्दरौला चौराहा, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी की दुकान बिना किसी सूचना के बन्द पाये जाने कारण स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने तहसील रामनगर, सिरौलीगौसपुर में कुल 11 कीटनाशक दुकानों, फर्मों का निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा कुल 06 नमूने ग्रहित किये गये तथा मे0 परमबीज भण्डार, सूरतगंज तहसील रामनगर तथा मे0 आर.डी. खाद एवं बीज भण्डार, मोहम्मदपुर खाला, सूरतगंज, तहसील फतेहपुर द्वारा दुकान का बोर्ड न लगाने एवं स्टाक रजिस्टर न दिखाने के कारण स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि स्टाक एवं बिक्री रजिस्टर पूर्ण रखें तथा अधिकार पत्र लाइसेन्स पर अकंन होने के बाद ही उस फर्म का रसायन बिक्री करें तथा किसानों को कीटनाशक बिक्री करने के साथ ही कैश–मेमो अवश्य उपलब्ध कराये। जिला कृषि अधिकारीद्वारा तहसील रामसनेहीघाट, सिरौलीगौसपुर में कुल 08 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में उनके द्वारा कुल 02 कीटनाशक नमूनें ग्रहित किये गये। इस प्रकार कुल 28 छापे तथा 11 कीटनाशक नमूने ग्रहित किये गये एवं 03 दुकानों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। सभी ग्रहित नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जायेगा। परीक्षण परीणाम अधोमानक प्राप्त होने पर कीटनाशक अधिनियम 1968 के अन्तर्गत वाद तथा लाइसेन्स निरस्तीकरण की कार्यवाही जोयगी।

न्याय के लिए भटक रहा कोटेदार

सिरौलीगौसपुर।सफदरगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में गवाही न देने के कारण कुछ दबंगों ने राशन डीलर की दुकान को जेसीबी से तोड़कर उनका सामान लूट लिया। पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री से लेकर स्थानीय प्रशासन तक शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित राजीव कुमार निगम ने बताया कि ग्राम जगरा बसावनपुर में एक प्लॉट को लेकर चल रहे विवाद में सूरज लाल यादव के पक्ष में गवाही देने से मना करने पर 12 जनवरी की रात को उनके तीनों बेटों संजीत कुमार, प्रदीप यादव और संदीप यादव ने जेसीबी मशीन से दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों ने दुकान से 10 बोरी धान, 2 बोरी सरसों और 1000 फीट जीन पाइप भी लूट लिया। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया और उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। 13 जनवरी को थाना सफदरगंज में भी शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्याय की आस में पीड़ित ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी को डाक से शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी राजनीतिक पहुंच वाले दबंग हैं ।

# शुरु हुआ नाला निर्माण कार्य, जल भराव से मिलेगी निजात

रामसनेहीघाट बाराबंकी(एजेंसी )। तहसील रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे पर थोड़ी सी भी बरसात होने पर होने वाले जलभराव से अब लोगों को निजात मिलेगी, नगर प्रशासन द्वारा भिटरिया हैदरगढ़ व दरियाबाद मार्ग पर सड़क के किनारे नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिससे चौराहे वालों को बरसात में होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। जानकारी के अनुसार, तहसील रामसनेहीघाट के सबसे व्यस्ततम व मुख्य भिटरिया चौराहे पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण यहां पर थोड़ी सी भी बरसात होने पर जल भराव की स्थिति हो जाती थी सड़के तालाब के रूप में परिवर्तित होती नजर आने लगती थी कई बार इस समस्या का समाधान करने की मांग स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से की लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो सका था, वर्तमान में नगर पंचायत रामसनेहीघाट के द्वारा भिटरिया हैदरगढ़ मार्ग व भिटरिया से दरियाबाद मार्ग पर सड़क के किनारे नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आने वाले समय में बरसात के मौसम पर चौराहे पर हो रहे जल भराव से लोगों को निजात मिलेगी। स्थानीय रामशरण, देव मौर्य, भैरव प्रसाद तिवारी, कल्लू जायसवाल सहित तमाम लोगों ने नगर प्रशासन के इस कार्य की सलाहना की है, वही इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर ज्ञान प्रकाश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोगों की समस्याओं को देखते हुए भिटरिया चौराहे से हैदरगढ़ व दरियाबाद मार्ग पर जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिससे चौराहे कि जल भर की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी।

# सगड़ी तहसील क्षेत्र के बरडीहा गांव में विधि विधान के साथ प्रारम्भ हुआ समाजसेवी आशीष सिंह के आवास पर श्री मद्भागवत कथा का सप्त दिवसीय आयोजन

आजमगढ़रू( एजेंसी )कथा वाचक प्रवीण दास जी महराज कटनी मध्य प्रदेश ने कथा प्रारम्भ में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सात दिनों की इसलिए होती है क्योंकि इसे आत्म–साक्षात्कार का दिव्य ज्ञान माना जाता है. इस कथा को सुनने से जीवन के सातों दिन पवित्र हो जाते हैं और पाप रहित बनने में मदद मिलती है।कथावाचक ने भक्तों को आगे की कथा सुनाते हुए कहा कि एक धुंधकारी और दूसरा गोकर्ण। गोकर्ण बड़ा होकर विद्वान पंडित और ज्ञानी निकलता है जबकि धुंधकारी दुष्ट, नशेड़ी और क्रोधी, चोर, व्याभिचारी, अस्त्र–शस्त्र धारण करने वाला, माता पिता को सताने वाला निकलता है। वह माता पिता की सारी संपत्ति नष्ट कर देता है। एक दिन वह पिता को मार मार कर घर से बहार निकाल देता है।आरती में भाजपा के गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शहजानंद राय, आजमगढ़ लालगंज के अध्यक्ष सुरज प्रकाश श्रीवास्तव ने भाग लिया।श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते हुए भक्त गण कथा सुनते हुए भक्त मय हो गये।कथा में प्रधान मुकेश प्रजापति, उमेश यादव, धर्मेंद्र यादव, और सुनील सिंह, सुनील राय, देवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय, रामाश्रय राय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में युवक की मृत्यु,चार अन्य गम्भीर रूप से घायल,मृतक के घर पर मातम का माहौल



आजमगढ़। गुरुवार की रात लगभग आठ बजे दीदारगंज थाना क्षेत्र के पुष्पनगर गांव निवासी प्रेम मोहन अग्रहरि, पिंकू 36वर्ष पुत्र रामनयन अग्रहरि की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। गुरुवार को प्रेम मोहन अपने चार साथियों आशीष यादव खेतासराय, संतोष राजभर फुलेश, गुड्डू प्रजापति फुलेश, डा राजू गुप्ता खेतासराय के साथ स्वीफ्ट डिजायर कार में सवार होकर दीदारगंज से अम्बारी की तरफ जा रहे थे कि तभी दीदारगंज अम्बारी मार्ग पर मलगांव मोड़ थाना कोतवाली क्षेत्र फूलपुर के पास मार्ग पर अचानक नील गाय के आ जाने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कार में सवार प्रेम मोहन अग्रहरि उर्फ पिंकू की मौके पर ही मृत्यु हो गई जब कि अन्य तीन लोग गम्भीर रुप से घायल से तथा गुड्डू प्रजापति आंशिक रुप सै घायल हो गए सूचना पर फूलपुर तथा दीदारगंज की पुलिस मौके पर पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गर्ड्ड तथा घायलों को इलाज हेतु फूलपुर ले गई जहां से चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गम्भीर रुप से घायलों का इलाज जौनपुर में चल रहा है। मृतक के घर पर मृत्यु की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रागिनी तथा परिवार के अन्य सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाईयों में दूसरे स्थान पर था। मृतक दो बच्चों अर्पित 7वर्ष तथा डुग्गू 3वर्ष का है। मृतक वीडियो ग्राफी का कार्य करता था।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन मिर्जापुरन ने अवर अभियंता राजकुमार रंजन सिचाई विभाग बदलापुर के घर पर चस्पा किया कुर्की संबंधित नोटिस

# आजमगढ़ किन्नर ने अपनी हक को लेकर लगाई आवाज



आजमगढ़रू(एजेंसी)किन्नरों की मुखिया किरन ने आरोप। लगाते बताया कि हम सभी काफी काफी दिनों से आजमगढ़ में विभिन्न क्षेत्रों में बधाइयां गाकर जीवन यापन करते हैं ऐसे में एक टीम नेहा किन्नर जो दिल्ली से चलकर आजमगढ़ आई हुई है उसमें कुछ किन्नर और कुछ लड़के भी हैं जिनका ग्रुप कई गाड़ियों से चलता है और बधाई के नाम पर अवैध वसूली की जाती है ऐसे में हम लोगों द्वारा आजमगढ़ पुलिस अधीक्षक को भी पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की गई लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई उन लोगों का कहना है कि अगर इस तरह की कार्य करने वालों पर कार्यवाही नहीं हुई तो वह प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन करेंगे। यहां की जनता कभी कहना है कि हम लोग जानते हैं किरन किन्नर काफी दिनों से सबके घर घूम के बधाइयां गाती है लेकिन यह लोग अवैधा वसूली कर रहे हैं जबरदस्ती बधाई के नाम पर वसूली करने का काम करते है ऐसे में किरण किन्नर की टीम द्वारा कप्तानगंज महाराजगंज व जनपद के कई क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया गया कि आप ऐसे लोगों से सावधान रहें जो बधाई के नाम पर लोगों की गले की चेन पैसे ले लेती है वही किरन किन्नर ने कहा कि अगर हमारे साथ कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदार नेहा किन्नर होगी अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन मामले को संज्ञान में लेते हुए सीमा विवाद के इस मामले में क्या कार्यवाही करती है या मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाऐगा।

# चोरी का सामान पैसे व अवैध तमंचा तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार




आजमगढ़रू( एजेंसी)चोरी का सामान पैसे व अवैध तमंचा तथा कारतूस के साथ पुलिस ने एक को पकड़ा, वादी संदीप शिल्पकार पुत्र रामचेत निवासी राजे सुल्तानपुर थाना राजे सुल्तानपुर उम्र करीब 30 वर्ष द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की गाड़ी का शीशा तोड़कर लाक तोड़ देना व बैटरी निकाल कर चोरी कर लिया गया। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0495ध2024 धारा 303(2), 324(4) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। वादी कौसर अहमद खां पुत्र मरहूम इश्तेयाक खां सा0 पठान टोली थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि अभियुक्त सद्दाम खान पुत्र शमसुद्दीन खान सा0 पठान टोली थाना सिधारी आजमगढ़ द्वारा वादी का आटो पियाजो वाहन संख्या न्क्50ज्8481 की बैटरी चोरी कर लिया गया है। लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 17ध25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। शुक्रवार को प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षक प्रमोद मद्धेशिया मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सद्दाम पुत्र समसुद्दीन निवासी पठान टोली कस्बा सिधारी थाना सिधारी जनपद आजमगढ उम्र करीब 26 वर्ष को डूगडूगवां ओवरब्रिज के नीचे से समय करीब 02.30 बजे गिरफ्तार किया गया । जामा तलाशी में अभियुक्त के पास से मु0अ0स0 495ध24 धारा 303(2)ध324 बीएनएस से सम्बन्धित चोरी किया हुआ बैटरी बेचने से प्राप्त रूपयों में से बचा 390 रूपया नगद, मु0अ0सं0 17ध25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 अदद बैटरी तथा 01 अदद तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 18ध25 धारा 03ध25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

# आम आदमी पार्टी की संजीवनी योजना क्या है? यह कब से लागू होगी? इसका लाभ किनको-किनको मिलेगा?

आप की संजीवनी योजना एक मेडिकल स्कीम है, जिसे पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च किया है। यह योजना 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए मुफ्त इलाज प्रदान करेगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है, जिसे उन्होंने संजीवनी योजना का नाम दिया है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को मुफ्त इलाज मिलेगा। खास बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत होने वाले इलाज पर कोई खर्च सीमा नहीं होगी। इसके अलावा, लाभुकों के इलाज के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं होगा। इससे साफ है कि इस नई प्रस्तावित योजना के तहत इलाज फ्री, दवाई फ्री, सबकुछ फ्री किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद लोगों को फायदा मिल सके। हालांकि, यह कोई सरकारी योजना नहीं है, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी श्आपश की तरफ से किया गया एक चुनावी वायदा है, जिसे वह चौथी बार सत्ता में आते ही सरकारी अमलीजामा पहनाएगी। दिल्ली प्रशासन ने भी कुछ ऐसे ही संकेत दिए हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले स्थानीय बुजुर्गों के लिए श्संजीवनी योजनाश नामक बुजुर्ग स्वास्थ्य योजना की घोषणा की, जो दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़ा चुनावी वादा है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके लिए आय की भी कोई सीमा नहीं रखी गई है। हां, बुजुर्ग व्यक्ति दिल्ली के मूल निवासी हों, यह अनिवार्य बना दिया गया है। वहीं, इस योजना को लेकर आपके मन में भी तरह-तरह के सवाल पैदा हो रहे होंगे जिनका जवाब यहां देने की कोशिश कर रहा हूँ, जो आप रणनीतिकारों से पूछताछ पर आधारित है। खासकर यह कि इस योजना के तहत इलाज पाने के लिए क्या-क्या करना होगा और किन-किन लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। तो आइए इसके बारे में जानते हैं विस्तार से- आप की संजीवनी योजना एक मेडिकल स्कीम है, जिसे पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च किया है। यह योजना 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए मुफ्त इलाज प्रदान करेगी। कहने का तातपर्य यह कि इस योजना के तहत 60 साल और उससे ऊपर की उम्र के लोग अपना इलाज करा सकते हैं। वहीं, इस योजना में इनकम को लेकर कोई विशेष नियम नहीं बनाया गया है, ताकि सभी वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी आय सीमा के ही मुफ्त इलाज मिलेगा। जहां तक इस योजना का लाभ प्राप्त करने की बात है तो इसके लिए आपको आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करना होगा, क्योंकि वही लोग घर-घर

# सम्पादकीय

## किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता

जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नए साल का पहला फैसला किसानों के हित में लिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा- हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।घोषणा के मुताबिक केंद्र ने दो महत्त्वपूर्ण फैसले लिए। सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के आयात के लिए प्रति टन 3,500 रुपये की विशेष सब्सिडी की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। साथ ही दो फसल बीमा योजनाओं में तकनीक के उपयोग के लिए 824.77 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब 2025-26 में भी जारी रहेगी। ये फैसला नहीं होता, तो इस योजना के लिए सरकारी सब्सिडी की अवधि अगले मार्च में समाप्त हो जाती। इसके लिए 2021-22 से 2024-25 तक के लिए 66,515 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। अब 3,045 करोड़ रुपये और आवंटित किए गए हैं। जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है। सरकार ने बाजार में इसकी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) में वृद्धि को फ्रीज कर रखा है। इसलिए रुपये की गिरती की कीमत से आयातकों के लिए इसे मंगवाना घाटे का सौदा बन गया है। तो किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का कुल व्यावहारिक नतीजा यह होगा कि मौजूदा कीमत पर एक साल और डीएपी किसानों को मिल सकेगा, हालांकि सरकारी सब्सिडी के बावजूद मांग के सीजन में डीएपी उपलब्धता को लेकर किसान शिकायत जताते रहे हैं। उधर फसल बीमा योजना भी साल भर और जारी रहेगी। निजी कंपनियों के जरिए लागू यह योजना सवालों के घेरे में रही है। इसकी आलोचना रही है कि इसका असल लाभ किसानों के बजाय बीमा कंपनियों को मिला है। चाहे बीमा कोई भी हो, निजी कंपनियों का क्लेम देने में देर या इनकार करना आम कहानी है। किसान भी इसका शिकार हुए हैं। इसीलिए किसान संगठन इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि बाजार अर्थव्यवस्था में एमएसपी की बिना कानूनी गारंटी हुए किसान कल्याण नहीं हो सकता।

## विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी के भीतर खेला

खेला होबेय, खेला होबे यानी खेल होगा, खेल होगा? वाले जिस लोकप्रिय चुनावी नारे के बलबूते तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 2021 (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) और 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा समेत तमाम विरोधी दलों को धूल चटाते हुए चुनावी रण से बाहर का रास्ता दिखाया था, मौजूदा समय में वही श्खेलाय टीएमसी के भीतर होते दिख रहा है।

बुआ (ममता बनर्जी) और भतीजे (अभिषेक बनर्जी) के बीच इन दिनों जो चल रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि जल्द ही टीएमसी में भी कुछ बड़ा श्खेलाय होने वाला है।

वैसे कई दफा और कई मुद्दों पर बुआ-भतीजे में मतभेद की खबरें आती रही हैं, लेकिन बीते दिनों अभिषेक के करीबी और विश्वासपात्र माने जाने वाले दो नेताओं (पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन और अराबुल इस्लाम) को बाहर का रास्ता दिखा कर ममता ने बताने की कोशिश की है कि पार्टी में सर्वेसर्वा केवल वे ही हैं। टीएमसी के कुछ नेता यह जरूर चाहते हैं कि भुआ-भतीजे का विवाद जल्द समाप्त हो जाए लेकिन विपक्ष विशेषकर भाजपा चाहती है कि भुआ-भतीजे के बीच दूरियां जितनी बढ़ेंगी, आगामी विधानसभा चुनाव में जीत उसके उतनी ही करीब होगी। मालूम हो कि 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं। गत लोक सभा चुनाव में राज्य में मिली करारी हार के बाद भाजपा अभी तक सूबे में अपना संगठन मजबूत नहीं कर पाई है। प्रदेश के भाजपा नेता चाहते हैं कि उनका संगठन चाहे मजबूत हो न हो, लेकिन टीएमसी का संगठन जरूर कमजोर हो जाए। सांगठनिक ताकत के तौर पर वाम मोर्चा और कांग्रेस भी नये सिरे से अपनी शुरु आत के पक्ष में हैं। 2011, 2016 और 2021 में जीत यानी हैट्रिक लगाने वाली टीएमसी अपना घर ठीक से नहीं चला पा रही है। ममता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया हैं, तो अभिषेक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद हैं। सभी जानते हैं कि ममता के बूते ही अभिषेक को पहचान मिली, कई दफा सांसद बनने का मौका मिला और पार्टी में महासचिव जैसा महत्त्वपूर्ण पद भी, लेकिन अब अभिषेक की महत्त्वाकांक्षा और पार्टी में दखलअंदाजी बढ़ गई है, जो ममता को रास नहीं आ रहा। अंदरखाने सूत्रों ने बताया कि इन दिनों भुआ-भतीजे के रिश्ते में पहली वाली मधुरता नहीं है। दोनों के बीच कई बार मतभेद और रार हो चुकी हैं, लेकिन अब लड़ाई सतह पर आती नजर आ रही है। भुआ-भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत पर न पड़े, इसे लेकर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी दो खेमे में बंट गई है। एक खेमा है ममता बनर्जी का, जिसमें वे नेता शामिल हैं, जो टीएमसी के संघर्ष के दिनों से ममता के साथ हैं। दूसरा खेमा है अभिषेक का जिसमें अधिकतर नेता ऐसे हैं जिन्होंने टीएमसी के एक मुकाम पर पहुंचने के बाद जोड़ाफूल (टीएमसी का चुनाव चिन्ह) थामा था।

# सत्ता की बैसारवी पर टिके होने से बदल जाते हैं नेताओं के सुर

बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलित प्रदेश के युवाओं की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी आश्चर्यजनक नहीं है। दरअसल भाजपा न सिर्फ बिहार नीतिश सरकार में शामिल है, बल्कि केंद्र में भी उसी की बैसाखियों पर टिकी है। ऐसे में मुद्दा जनहित का हो या न हो, इससे भाजपा को फर्क नहीं पड़ता। इससे पार्टी के उसूलों पर भी आंच नहीं आती। इसी भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ पेपर लीक प्रकरणों में विरोध प्रदर्शनों में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। यह दोहरा चरित्र अकेले भाजपा का हो ऐसा नहीं है। जिस प्रदेश या केंद्र में जिस भी दल की सरकार होती है, वहां की सत्तारुढ़ पार्टी का रवैया ऐसा ही होता है। केंद्र में कांग्रेस शासन के दौरान सहयोगी दलों के घपले-घोटाले इसका प्रमाण रहे हैं। सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं। बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। छात्र प्रदर्शनकारियों के पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया। बिहार की तरह राजस्थान भी कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक प्रकरणों के कारण सुर्खियों में रहा है। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक के बाद एक पेपर लीक के मामले सामने आए। सब इंस्पेक्टर भर्ती, सीएचओ भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने के खुलासे हुए। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से व्याख्याता भर्ती 2022 की परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। पेपर लीक मामले में उलझी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं में हर ताजा अपडेट का इंतजार है। पेपर लीक और डमी अभ्यर्थियों के जरिए सैंकड़ों युवाओं ने नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले की जांच करने वाली एसओजी ने भी व्यापक स्तर पर पेपर लीक



होना माना और इस परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश पुलिस मुख्यालय को भेजी थी। पुलिस मुख्यालय और मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने भी परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने इस भर्ती परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया। राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के आगामी प्रशिक्षण पर रोक लगा दी। सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश के बाद लिया। एक साल की लंबी एक्सरसाइज में अभी तक 50 सब इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। आरपीएससी के सदस्य पकड़े गए। आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान में भाजपा सरकार केही एक केबीनेट मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा रहे हैं। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सत्तारुढ़ भाजपा अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं कर सकी। अनुशासित माने जानी वाली भाजपा की मजबूरी है कि मीणा के खिलाफ पार्टी और सरकार की लाइन से अलग हट कर चलने को लेकर कार्रवाई नहीं कर सकी। इसमें भाजपा को मीणा के साथ जुड़े मीणा वोट बैंक के खिसकने का डर है। सत्ता के लिए राजनीतिक दल किस हद तक उसूलों को ताक पर रख देते हैं, मीणा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना इसका उदाहरण है। मीणा मंत्री पद से इस्तीफा तक दे चुकें हैं, हालांकि उन्होंने इस्तीफा लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर अपनी जिम्मेदारी मानते हुए दिया था। पार्टी ने अनुसूचित जाति में कोई गलत संदेश नहीं जाए, इसलिए मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वोट बैंक के लिए समझौते की ऐसी अनोखी मिसाल देश में शायद ही कहीं देखने को मिले, जहां एक नेता के मंत्रीपद से इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया, बल्कि उसकी पार्टी विरोधी कार्रवाई झेलने को भी पार्टी मजबूर है। दरअसल ऐसे सार्वजनिक विवादित मुद्दों पर किसी भी सरकार के लिए फैसला लेना आसान नहीं होता। सरकारें एक तरफ जहां रोजगार देने के लिए अपनी छवि सुधारने में लगी होती हैं, वहीं दूसरी तरफ फिर से परीक्षा करवाने की कवायद खर्चीली और देरी करने वाली होती है। राज्यों में सत्तारुढ़ पार्टी के सामने समस्या यह भी होती है कि पेपर लीक होने से चुनिंदा लोगों को हुए फायदे के कारण परीक्षा रद्द करवाने से हजारों-लाखों अभ्यर्थियों के हितों का नुकसान नहीं किया जा सकता। ऐसे में सत्तारुढ़ दलों को दोनों तरफ से युवाओं की नाराजगी का खतरा होता है। यदि पेपर निरस्त करा दिया तो योग्यता सूची में आए अभ्यर्थियों की नाराजगी और नहीं कराया तो प्रदर्शनाकारियों की। ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं। इसके पीछे भी वोट बैंक की राजनीति है। मीणा ने पेपर लीक मामलों में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की नाक में दम कर दिया था। कांग्रेस के राजस्थान से सत्ता गंवाने का एक बड़ा कारण पेपर लीक मामले भी रहे हैं। यह निश्चित है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के राज्यों में होने वाले संचालन को सौ प्रतिशत चाक-चौबंद करना आसान नहीं है। कोई भी चूक और मिलीभगत पेपर लीक करवा सकती है। राजनीतिक दलों को रोटी सेकने के लिए ऐसे ही मौकों का इंतजार रहता है। यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक राजनीतिक दल मिल बैठकर किसी नीति पर कायम नहीं होते। तब तक न सिर्फ युवाओं के हितों पर कुठाराघात होता रहेगा, बल्कि सरकारी संसाधन और धन का भी नुकसान होता रहेगा।

# संगम में करोड़ों लोग की डुबकी दृश्य अद्भुत

vo/k'k dekj



प्रयागराज त्रिवेणी संगम से आ रहे दृश्य अद्भुत हैं। संपूर्ण पृथ्वी पर भारत ही एकमात्र देश है जहां इस तरह के अद्भुत आयोजन संभव हैं। केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए यह न भूतो न भविष्यति वाली स्थिति है।

इसलिए नहीं कह सकते कि एक बार जब देश और नेतृत्व अपनी प्रकृति को पहचान कर आयोजन करता है तो वह एक मानक बन जाता है और आगे ऐसे आयोजनों को और श्रेष्ठ करने की प्रवृत्ति स्थापित होती है। यह मानना होगा कि 144 वर्ष बाद पौष पूर्णिमा पर बुधआदित्य योग जिसे, महायोग युक्त कह रहे हैं, उस महाकुंभ का श्री गणोश उसकी आध्यात्मिक दिव्यता के अनुरूप करने की संपूर्ण कोशिश केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है।

भारत में दुर्भाग्यवश, राजनीतिक विभाजन इतना तीखा है कि ऐसे महान अवसरों, जिससे केवल भारत और विश्व नहीं संपूर्ण ब्रह्मांड के कल्याण का भाव पैदा होने की आचायरे की दृष्टि है, उसमें भी नकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजनीतिक मतभेद रहते हुए भी संपूर्ण भारत और विशेष कर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक दल ऐसे शुभ और मंगलकारी आयोजन पर साथ खड़े होते, आने वालों का स्वागत करते और संघाष, ‘तनाव, झूठ, पाखंड, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा से भरे विश्व में भारत से शांति की आध्यात्मिक सलिला का मूर्त अमूर्त संदेश विस्तारित होता।

हमारे देश का संस्कार इतना सुगठित और महान है कि नेताओं के वक्तव्यों की अनदेखी करते हुए करोड़ों लोग अपने साधु-संत, आचायरे के द्वारा दिखाए रास्ते का अनुसरण करते हुए जाति, पंथ, क्षेत्र, भाषा, राजनीति सबका भेद भूलकर संगम में डुबकी लगाते, आवश्यक अपरिहार्य कर्मकांड करते आकषर्क दृश्य उत्पन्न कर रहे हैं, अन्यथा समाजवादी पार्टी और उनके नेता जिस तरह के वक्तव्य दे रहे हैं उनसे केवल वातावरण विषाक्त होता। थोड़ी देर के लिए अपनी दलीय राजनीति की सीमाओं से बाहर निकलकर विचार करिए। क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव या आयोजन को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने एवं संपूर्ण विश्व को बगैर किसी शब्द का प्रयोग किए भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम और व्यवस्थाएं किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं।

कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। लाखों करोड़ों व्यक्ति और संपूर्ण भारत के सारे संत-संन्यासी-साधू-महंत आचार्य दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकार के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह मोदी सरकार और योगी सरकार ने कुंभ को उसकी मौलिकता के अनुरूप वर्तमान देश, काल, स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ। वास्तव में हमारे शीर्ष नेतृत्व में देश और प्रदेश दोनों स्तरों पर एक साथ कभी ऐसे लोग नहीं रहे जिन्हें महाकुंभ या हमारे धार्मिक- सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजनों, मुहूतरे, कर्मकांडों का महत्त्व, इसका आयोजन कैसे, किनके द्वारा, किन समयों पर होना चाहिए ना इसका पूरा ज्ञान रहा और न लेने के लिए कभी इस तरह प्रयत्न हुआ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी संन्यासी हैं और उन्हें इसका ज्ञान है। उनके मंत्रिमंडल में भी ऐसे साथी हैं जो इन विषयों को काफी हद तक समझते हैं, जिनकी निष्ठा है। निष्ठा हो और संकल्प नहीं हो तो ज्ञान होते हुए भी साकार नहीं हो सकता। आप योगी आदित्यनाथ के समर्थक हों या विरोधी इन विषयों पर उनकी समझ, निष्ठा व संकल्पबद्धता को किसी दृष्टि से नकार नहीं सकते। जब इस तरह की टीम होती है तभी महाकुंभ, अयोध्या या काशी विनाथ अपनी मौलिकता के साथ संपूर्ण रूप से प्रकट होता है। केंद्र का पूरा मार्गदशर्न और उसके अनुरूप सहायता हो तो समस्याएं नहीं आती। 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद प्रयागराज में ही 2019 में अर्धकुंभ आयोजित हुआ था और वहां से नया स्वरूप सामने आना आरंभ हुआ। पहली बार लोगों ने केंद्र व प्रदेश का संकल्प देखा। 2019 में पहली बार राज्य सरकार ने 2406.65 करोड़ व्यय किया जिसकी पहले कल्पना नहीं थी। इस बार सरकार की ओर से 5496.48 करोड़ रुपये व्यय अभी तक हुआ और केंद्र ने भी इसमें 2100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त सहयोग दिया है। कुंभ के आयोजन के साथ गंगा और यमुना दोनों में शून्य डिस्चार्ज सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है।

सभी 81 नालों का स्थाई निस्तारण सुनिश्चित करने की तैयारी की गई। यह तो नहीं कह सकते कि गंगा, यमुना और त्रिवेणी संगम का जल शत-प्रतिशत शुद्ध और स्वच्छ हो गया, किंतु अधिकतम कोशिश कर हरसंभव परिणाम तक ले जाने के परिश्रम से हम इनकार नहीं कर सकते। कुंभ को हरित कुंभ बनाने की दृष्टि से पहली बार मोटा-मोटी 3 लाख के आसपास पौधारोपण का आंकड़ा है। उसी तरह केवल रिकॉर्ड संख्या में डेढ़ लाख शौचालय बनाए गए बल्कि 10 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग 1230 किलोमीटर पाइपलाइन, 200 वाटर एटीएम तथा 85 नलकूप अधिष्ठान की व्यवस्था है। हालांकि हिन्दुओं और सनातनियों के अंदर तीर्थयात्राओं में कष्ट सहने की मानसिकता और संस्कार है। हमारा चरित्र ऐसा है जहां जो कुछ व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं उसी में अपना कर्मकांडीय दायित्व पूरी करते हैं। किंतु सरकार व्यवस्था करे तो सब कुछ आसान सहज और अनुकूल होता है। आप राजनीतिक रूप से आलोचना करिए किंतु सत्य है कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही ने कभी ऐसे अवसरों को इस तरह जन-जन तक मीडिया के माध्यम से पहुंचाने और लोगों के अंदर आने की भावना पैदा करने की दृष्टि से विचार ही नहीं किया। टीवी चौनलों पर विहंगम दृश्य देखकर आम लोगों की प्रतिक्रियाएं हैं कि एक बार अवश्य जाना जाकर वहां डुबकी लगानी चाहिए। अयोध्या में पिछले वर्ष श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में हमने प्रदेश सरकार की पहली बार ऐसी व्यवस्था देखी और अब महाकुंभ में उसका विस्तार है। एक साथ हजारों की संख्या में यज्ञ अनुष्ठान से बना माहौल, मंत्रों की ध्वनि संगीत, जयकारे सब सूक्ष्म रूप से पूरे वातावरण में कैसी दिव्यता उत्पन्न करेंगे इसकी कल्पना करिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि-
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि-
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

मिथुन राशि-
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है।

कर्क राशि-
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

सिंह राशि-
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे,

कन्या राशि-
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी।

तुला राशि-
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है।

वृश्चिक राशि-
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है।

धनु राशि-
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं।


मकर राशि-
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है।

कुंभ राशि-
वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

मीन राशि-
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है। दोस्तों से आपको मदद मिल सकती है। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे और उसके लिए जरूरी लोगों से भी मुलाकात हो सकती है।

# अफ्रीकी तट के निकट पलटी एक नाव, 40 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों के डूबने की आशंका

मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले एक नाव से 36 लोगों को बचाया था जो 66 पाकिस्तानियों सहित 86 प्रवासियों को लेकर 2 जनवरी को मॉरिटानिया से रवाना हुई थी। वॉकिंग बॉर्डर्स की सीईओ हेलेना मालेनो ने एक्स को बताया कि डूबने वालों में से 44 लोग पाकिस्तान से थे। पाकिस्तानियों के साथ एक बड़ा हादसा हो गया है। अफ्रीकी तट के निकट एक नाव पलटने से 40 से अधिक पाकिस्तानियों के डूबने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, स्पेन पहुँचने का प्रयास कर रहे 80 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव के मोरक्को के पास पलट जाने से 40 से अधिक पाकिस्तानियों के मारे जाने की आशंका है। प्रवासी अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने गुरुवार को कहा कि 50 प्रवासी डूब गए होंगे। मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले एक नाव से 36 लोगों को बचाया था जो 66 पाकिस्तानियों सहित 86 प्रवासियों को लेकर 2 जनवरी को मॉरिटानिया से रवाना हुई थी। वॉकिंग बॉर्डर्स की सीईओ हेलेना मालेनो ने एक्स को बताया कि डूबने वालों में से 44 लोग पाकिस्तान से थे। उन्होंने 13 दिन तक कष्ट सहते हुए क्रॉसिंग पर बिताया और कोई भी उन्हें बचाने नहीं आया। पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने गुरुवार रात एक बयान में कहा कि मोरक्को में उसका दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। रबात (मोरक्को) में हमारे दूतावास ने हमें सूचित किया है



कि मॉरिटानिया से जा रही कई पाकिस्तानी नागरिकों सहित 80 यात्रियों से भरी एक नाव, दखला के मोरक्को बंदरगाह के पास पलट गई है। विदेश मंत्री इशाक डार ने संबंधित सरकारी एजेंसियों को प्रभावित पाकिस्तानियों को हर संभव सुविधा देने का निर्देश दिया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने एक बयान में मानव तस्करी को रोकने के लिए दूरगामी और प्रभावी कदम उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री

शहबाज शरीफ ने अधिकारियों से घटना पर रिपोर्ट मांगी और कहा कि मानव तस्करी के घृणित कार्य में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाइडन ने रिकॉर्ड बनाया, लगभग 2,500 लोगों की सजा कम की

बाइडन ने कैदियों की सजा में छूट और माफी देने के लिए भी किया है। बड़े पैमाने पर इस तरह के क्षमादान और सजा की अवधि कम कर बाइडन ने एक रिकॉर्ड बनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह मादक पदार्थों से जुड़े हिंसा रहित अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए लगभग 2,500 लोगों की सजा कम कर रहे हैं। 20 जनवरी को अमेरिका में सत्ता परिवर्तन होगा और अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों का इस्तेमाल बाइडन ने कैदियों की सजा में छूट और माफी देने के लिए भी किया है। बड़े पैमाने पर इस तरह के क्षमादान और सजा की अवधि कम कर बाइडन ने एक रिकॉर्ड बनाया है। बाइडन ने एक बयान में कहा, ''यह कार्रवाई ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने, सजा की असमानताओं को ठीक करने और योग्य व्यक्तियों को सलाखों के पीछे बहुत अधिक समय बिताने के बाद अपने परिवारों और समुदायों में लौटने का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' व्हाइट हाउस ने सजा में छूट प्राप्त करने वालों के नाम तुरंत जारी नहीं किए।



# पाकिस्तान ने आर्मी चीफ के बयान पर उठाए थे सवाल, प्रभासाक्षी के माध्यम से भारत का दो टूक जवाब- पहले पूरी दुनिया में आतंक फैलाना बंद करो

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री ने जो बात कही और हमारे पड़ोसी मुल्क से जो रिश्ते हैं उसमें हमें कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए कि वहां से फैलता हुआ आतंकवाद हमारे यहां आता है। या फिर वो कहीं और जाता है। ये पूरी दुनिया के लिए एक खतरा का रूप है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम एक बार फिर से आह्वान करेंगे की वहां की सरकार क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म को बंद करे। पाकिस्तान ने भारतीय रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष के बयान को भ्रामक बताया है। पाकिस्तान की तरफ से बयान की आलोचना करते हुए कहा है कि ये दर्शाता है






कि भारतीय सेना का राजनीतिकरण हो चुका है। प्रभासाक्षी के इस सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री ने जो बात कही और हमारे पड़ोसी मुल्क से जो रिश्ते हैं उसमें हमें कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए कि वहां से फैलता हुआ आतंकवाद हमारे यहां आता है। या फिर वो कहीं और जाता है। ये पूरी दुनिया के लिए एक खतरा का रूप है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम एक बार फिर से आह्वान करेंगे की वहां की सरकार क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म को बंद करे। बता दें कि आर्मी चीफ की तरफ से एलएसी से लेकर एलओसी तक देश को दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया गया। लेकिन आर्मी चीफ के बयान के बाद पाकिस्तान तिलमिलाता नजर आ रहा है। पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना और विदेश कार्यालय ने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस बयान को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद अपने पड़ोस में आतंकवाद का इंजन है, यह अत्यधिक दोहरेपन का क्लासिक मामला है। पाकिस्तान में गैर–मौजूद आतंकवादी ढांचे की कल्पना करने के बजाय आत्म–भ्रम में न पड़ना और जमीनी हकीकत की सराहना करना बुद्धिमानी होगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि भारतीय नेतृत्व की ऐसी बयानबाजी जम्मू–कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान नहीं भटका सकती।

# 10 हजार पाकिस्तानियों को सऊदी अरब ने पकड़ कर जेल में डाल दिया, शहबाज के उड़े होश

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में पाकिस्तानियों के पकड़े जाने की सबसे बड़ी वजह वीजा नियमों के उल्लंघन को बताई गई है। दूसरे नंबर पर ड्रग्स का धंधा है जिसकी वजह से पाकिस्तानियों की धड़पकड़ होती है। इसके अलावा मारपीट और हिंसा की घटनाएं और फ्रॉड शामिल है। अब तक दुनिया को सिर्फ इतना ही पता था कि पाकिस्तानी दूसरे देशों में जाते हैं। भीख मांगते हैं और फिर पकड़कर दोबारा पाकिस्तान भेज दिए जाते हैं। लेकिन पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जो आंकड़े पेश किए हैं वो बताते हैं कि भीख तो बहुत छोटी चीज है। पाकिस्तानी इंटरनेशनल क्रिमिनल बन चुके हैं। पाकिस्तान की संसद में विदेश मंत्रालय ने एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में ये बताया गया है कि कुल मिलाकर 20 हजार पाकिस्तानी नागरिक दूसरे देशों के कारागारों में कैद हैं। इनमें से सबसे ज्यादा पाकिस्तानी सऊदी



अरब में पकड़े गए हैं, जहां पर 10 हजार 300 पाकिस्तानी सलाखों के पीछे हैं। वहीं यूएई के जेलों में 2500 पाकिस्तानी जेलों में कैद हैं। इसके अलावा 68 ऐसे पाकिस्तानी हैं जिन्हें अलग अलग देशों में सजा–ए–मौत भी दी गई है। लेकिन एक ही देश में इतने नागरिक आखिर कैद क्यों हैं। आखिर विदेश जाकर पाकिस्तानी ऐसा करते क्या हैं कि उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में पाकिस्तानियों के पकड़े जाने की सबसे बड़ी वजह वीजा नियमों के उल्लंघन को बताई गई है। दूसरे नंबर पर ड्रग्स का धंधा है जिसकी वजह से पाकिस्तानियों की धड़पकड़ होती है। इसके अलावा मारपीट और हिंसा की घटनाएं और फ्रॉड शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ सालों में पाकिस्तानी मूल के लोग दूसरे देशों में नकली करेंसी और सोना बनाने के अपराध में भी शामिल रहे हैं। पिछले ही महीने ब्रिटेन में एक स्कैंडल सामने आया था। जिसमें पाकिस्तानी मूल के लोग संगठित तरीके से ग्रूमिंग गैंग्स चला रहे थे। जांच में सामने आया था कि ये पाकिस्तानी ब्रिटिश नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाते थे। फिर उनका शारीरिक शोषण कर उनका आपत्तिजनक वीडियो बनाते थे। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि हजारों ब्रिटिश लड़कियों को इन पाकिस्तानियों ने निशाना बनाया है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद ब्रिटेन में पाकिस्तानी मूल के लोगों के खिलाफ बॉयकाट कैंपेन चलाए जा रहे हैं। नाबालिग लड़कियों के शोषण, फर्जीवाड़े और स्कैम जैसे अपराधों में हजारों पाकिस्तानियों का शामिल होना। इशाक डार ने बताया कि इन पाकिस्ध्तानियों को वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिन लोगों की सजा पूरी हो जा रही है और उनके ट्रेवेल डॉक्यूमेंट एक्ध्सपायर हो गए हैं तो उन्ध्हें जारी किया जा रहा है। उन्ध्होंने यह भी कहा कि पाकिस्ध्तानी समुदाय जिन लोगों ने सजा पूरी कर ली है, उनके जुर्माने को देने में मदद करे। डार ने कहा, श्इन पाकिस्ध्तानी कैदियों को वापस लाने में कोई भी बाधा नहीं है।

# ट्रंप ने व्यक्तिगत रूप से अपने शपथग्रहण में बुलाया? पाकिस्तान को अमेरिका से मिले 2–2 इनविटेशन

पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज की तरफ से अपनी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो–जरदारी को 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति–चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया है। पीपीपी अध्यक्ष आने वाले दिनों में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के लिए प्रस्थान करेंगे। ट्रंप ने अपने शपथग्रहण समारोह के लिए दुनियाभर से कई नेताओं को न्यौता भेजा है। अपने कूटनीति का विस्तार करते और विदेश नीति का उदाहरण देते हुए अमेरिका ने उन देशों को भी न्यौता भेजा जिनके साथ उनके संबंध अच्छे नहीं हैं और उन्हें भी भेजा जिनके साथ ट्रंप के खास संबंध हैं। इसमें भारत, अर्जेंटीना और इटली कानाम सबसे ऊपर आता है। लेकिन जिन देशों के साथ अमेरिका की अच्छी साझेदारी नहीं हैं। ट्रंप ने उन देशों को भी न्यौता भेज कर सबको चौंका दिया है। इसमें चीन और रूस का नाम भी शामिल है। चीन–रूस के साथ साथ पाकिस्तान को भी न्यौता भेजा गया है। लेकिन पाकिस्तान की तरफ से इस शपथग्रहण समारोह में कोई बड़ा चेहरा आपको नजर नहीं आएगा। दरअसल, पाकिस्तान ने वाशिंगटन में अपने राजदूत रिजवान सईद शेख को 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में पाकिस्तान सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। एक न्यौता पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को भी भेजा गया है। बिलावल भुट्टो जरदारी को भी 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया है। हालांकि ये खबर अभी तक केवल पाकिस्तानी मीडिया में सूत्रों के हवाले से ही छप रही है। यानी ये खबर झूठी भी हो सकती है। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज की तरफ से अपनी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष




बिलावल भुट्टो–जरदारी को 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति–चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया है। पीपीपी अध्यक्ष आने वाले दिनों में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के लिए प्रस्थान करेंगे। लेकिन अगर बिलावल भुट्टो को ये न्यौता भेजा गया है तो ये अपने आप में बड़ी बात है। हालांकि आपको बता दें कि इससे पहले 2017 में भी डोनाल्ड ट्रंप ने आसिफ अली जरदारी को अपने शपथग्रहण समारोह के लिए न्यौता दिया था। अब हो सकता है कि बिलावल भुट्टो को भी ये न्यौता भेजा गया है। हालांकि अब तक बिलावल भुट्टो की तरफ से इसे कंन्फर्म नहीं किया गया है। पीपीपी अध्यक्ष राष्ट्रपति ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अगले कुछ दिन में वाशिंगटन जाएंगे या नहीं ये तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा। लेकिन अमेरिका के नवर्निचाित राष्ट्रपति ने वाशिंगटन में अपने शपथग्रहण समारोह के लिए पाकिस्तान सरकार को भी न्यौता भेजा है। पाकिस्तान सरकार की तरफ से वाशिंगटन में नियुक्त राजदूत रिजवान सईद शेख 20 जनवरी को पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं।

# वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में अमेरिका–भारत साझेदारी अहम

व्हाइट हाउस के एक शीर्ष भारतीय–अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों, खासकर सार्वजनिक स्वास्थ्य और दवा नवाचार के क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए अमेरिका–भारत साझेदारी महत्वपूर्ण है। गुप्ता ने कहा कि दुनिया की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देश सभी क्षेत्रों में अपनी साझेदारी बनाए रखें और उसे आगे बढ़ाएं।

वाशिंगटन । व्हाइट हाउस के एक शीर्ष भारतीय–अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों, खासकर सार्वजनिक स्वास्थ्य और दवा नवाचार के क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए अमेरिका–भारत साझेदारी महत्वपूर्ण है। 'ऑफिस ऑफ नेशनल ड्रग कंट्रोल पॉलिसी' (ओएनडीसीपी) के निदेशक डॉ. राहुल गुप्ता ने कहा कि दुनिया की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देश सभी क्षेत्रों में अपनी साझेदारी बनाए रखें और उसे आगे बढ़ाएं। अमेरिका के बाइडन प्रशासन में शीर्ष स्तर के भारतीय अमेरिकी अधिकारी गुप्ता ने कहा, ''क्योंकि



जब हमारे पास एक अमेरिका और एक भारत है, जो दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए एक साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो यह एकमात्र तरीका है जिससे हम दुनिया की समस्या को हल करने में सक्षम होंगे, क्योंकि यह वास्तव में वह जगह है जहां पूर्व पश्चिम से मिलता है।'' उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह संबंध न केवल दोनों देशों को बल्कि विश्व के महाद्वीपों को भी एक–दूसरे के करीब आने, एक–दूसरे को समझने और अंततः विश्व की सबसे गंभीर समस्याओं को एक इकाई के रूप में मिलकर हल करने का अवसर देता है।'' बाइडन प्रशासन के शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी की हैसियत से, डॉ गुप्ता ने अमेरिका में ओपियोइड संकट से सफलतापूर्वक लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओपिओइड संकट से तात्पर्य 1990 के दशक से ओपिओइड के अत्यधिक उपयोग, दुरुपयोग और ओवरडोज से होने वाली मौतों में तेजी से हुई वृद्धि से है। इसमें प्रिस्क्रिप्शन ओपिओइड और ऐसे ओपिओइड दोनों शामिल हैं जिनका लोग उपयोग करते हैं। ओपिओइड का एक मुख्य कार्य बेहोशी और दर्द से राहत प्रदान करना है और इनका उपयोग हजारों वर्षों से दर्द से राहत के लिए किया जाता रहा है। ओपिओइड अनिवार्य रूप से रसायन होते हैं जो मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और जठरांत्र संबंधी मार्ग में मौजूद ओपिओइड रिसेप्टर्स से जुड़कर उनके प्रभावों को उत्तेजित करते हैं। डॉ गुप्ता ने ओपिओइड संकट के मुद्दे पर चीन के साथ अमेरिका के समझौते पर पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें चीन ने अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने पर सहमति जतायी थी। गुप्ता ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका दोनों देशों के बीच अब तक स्थापित सबसे अग्रणी दवा नीति तैयार करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग के तीन स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि पहला स्तंभ नशीली दवाओं के खिलाफ सहयोग है, जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य दूसरी प्राथमिकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोनों देशों में की गई प्रगति का समर्थन किया जाए और एक दूसरे के साथ साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि तीसरा स्तंभ भविष्य के दवा उत्पादनों के लिए आपूर्ति श्रृंखला विकसित करना है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को भ्रष्टाचार मामले में कारावास की सजा

इस्लामाबाद । अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 19 करोड़ पाउंड के अल–कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाया और दोनों को क्रमशः 14 और सात साल की जेल की सजा



सुनाई। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने फैसला सुनाया, जिसे अलग–अलग कारणों से तीन बार टाला जा चुका था। पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 19 करोड़ पाउंड के अल–कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाया और दोनों को क्रमशः 14 और सात साल की जेल की सजा सुनाई। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने फैसला सुनाया, जिसे अलग–अलग कारणों से तीन बार टाला जा चुका था। आखिरी बार इसे 13 जनवरी को टाला गया था। न्यायाधीश ने आदिला जेल में स्थापित एक अस्थायी अदालत में खान और उनकी पत्नी को कारावास की यह सजा सुनायी।राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। मुकदमा खान और बीबी पर चलाया गया क्योंकि एक प्रॉपर्टी कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं। आरोप है कि एक प्रॉपर्टी कारोबारी के साथ समझौते के तहत ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी द्वारा पाकिस्तान को लौटाए गए 50 अरब पाकिस्तानी रुपये का दुरुपयोग किया गया। राष्ट्रीय खजाने के तौर पर इस्तेमाल होने वाली इस राशि को उस व्यवसायी के कथित तौर पर निजी लाभ के लिए लगाया गया, जिसने बीबी और खान को एक विश्वविद्यालय स्थापित करने में मदद की थी। अल–कादिर ट्रस्ट की ट्रस्टी के रूप में बीबी पर इस समझौते से लाभ उठाने का आरोप है, जिसमें झेलम में अल–कादिर विश्वविद्यालय के लिए 458 कनाल भूमि का अधिग्रहण करना भी शामिल है।

# ज्तनउच की शपथ के साथ ही भारत में बदल जाएगा सबकुछ! अमेरिका से आने वाला है नया राजदूत

भारत में अमेरिका के राजदूत का कार्यकाल खत्म हो चुका है। अमेरिका के दिल्ली में तैनात एंबेसडर एरिक गर्सेटी भारत में अपना आखिरी भाषण भी दे चुके हैं और उनका फेयरवेल भी हो चुका है। अपने आखिरी भाषण में एरिक ने भारत की जमकर तारीफ भी की थी। 20 जनवरी की तारीख में अब बस दो दिन का वक्त शेष रह गया है। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। अमेरिका में ट्रंप के सत्ता संभालने के साथ ही बहुत कुछ बदलने वाला है। ट्रंप के कुर्सी पर काबिज होते ही एक से बढ़कर एक नए फैसलों का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। अमेरिका में राष्ट्रपति के बदलते ही दुनिया बदलावों का सिलसिला देखेगी। ट्रंप के आते ही कुछ सख्त फैसले भी लिए जाएंगे और कुछ नई नियुक्तियां भी होंगी। इसकी शुरुआत भारत में हो भी चुकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत गर्सेटी भी अब अपनी सेवाओं को खत्म कर अमेरिका वापस लौट रहे हैं। इसके साथ ही भारत नए राजदूत पहुंचने वाले हैं। इसके साथ ही भारत सरकार के मन में सबसे बड़ा सवाल है कि ट्रंप प्रशासन भारत में नए राजदूत के रूप में किसे भेजने वाली है। ये कौन होगा इसके लिए तो फिलाहल थोड़ा इंतजार करना होगा। भारत में अमेरिका के राजदूत का कार्यकाल खत्म हो चुका है। अमेरिका के दिल्ली में तैनात एंबेसडर एरिक गर्सेटी भारत में अपना आखिरी भाषण भी दे चुके हैं और उनका फेयरवेल भी हो चुका है। अपने आखिरी भाषण में एरिक ने भारत की जमकर तारीफ भी की थी। अपने बयान में एरिक ने कहा था कि हमें नहीं पता की भविष्य में क्या होने वाला है। लेकिन मैं अपने साथी अमेरिकियों से कहूंगा कि हम ज्यादा से ज्यादा भारतीयों से ज्यादा से ज्यादा तरीकों से संपर्क बनाएं। वो उतना अच्छा होगा।

उन्होंने कहा कि नफरत करने वालों को गलत साबित करते हुए हम ट्वीट करने की बजाए मिले। प्रदर्शन करने के बजाए निवेश करें। आपत्ति जताने की बजाए कनेक्ट करें। अमेरिका में राष्ट्रपति बदलने के बाद बड़े पैमाने पर दुनियाभर में राजदूतों के बदलने का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। दुनिया के अलग अलग देशों में भारतीय राजूदत ज्यादातर भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी होते हैं। लेकिन सरकार जरूरत के हिसाब से दूसरे सेवा के अधिकारियों या राजनेताओं को भी राजदूत के तौर पर नियुक्त कर सकती है। इसके लिए प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति राजदूत की नियुक्ति को मंजूरी देते हैं। इसी तरह अमेरिका में भी ये अधिकार राष्ट्रपति के पास ही होता है। ये एक राजनीतिक पद है, इसलिए सरकार बदलते ही अमेरिकी राजदूतों के बदलने का सिलसिला भी शुरू हो जाता है।

# 18 जनवरी को होगा टीम इंडिया का ऐलान, अजीत अगरकर मुंबई में करेंगे घोषणा

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए अजीत अगरकर की अगुवाई वाला चयन पैनल मुंबई में भारतीय टीम की घोषणा करेगा। चौंपियंस ट्रॉफी टीम के अलावा बीसीसीआई द्वारा भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा की उम्मीद भी है। 19 फरवरी से चौंपियंस ट्रॉफी का आगाज होगा। लेकिन उससे पहले फैंस की नजरें भारतीय स्क्वॉड के ऐलान पर हैं। चौंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाली 8 टीमों में से 6 टीमों ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं भारत और पाकिस्तान ने अभी तक अपनी टीमों की घोषणा नहीं की है। दरअसल, टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान 18 जनवरी शनिवार को हो सकता है। वहीं रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए अजीत अगरकर की अगुवाई वाला चयन पैनल मुंबई में भारतीय टीम की घोषणा करेगा। चौंपियंस ट्रॉफी टीम के अलावा बीसीसीआई द्वारा भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा की उम्मीद भी है। इससे पहले पिछले हफ्ते बीसीसीआई ने इंडिया और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया था। वहीं ये टी20 सीरीज 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू होगी। इसके बाद भारत 20 फरवरी से




दुबई में चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। फिलहाल, चौंपियंस ट्रॉफी के लिए चोटिल जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली को टीम में जगह मिलना तय है। वहीं ऋषभ पंत और केएल राहुल बतौर विकेटकीपर टीम में शामिल होंगे। तो मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह तेज गेदंबाज होंगे तो स्पिनर्स में अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

# रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बीच सबकुछ नहीं है ठीक ? इस्तीफा देंगे टीम इंडिया के हेड कोच

श्रीलंका, न्यूजीलैंड और बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथ भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। या यूं कहे कि गौतम गंभीर के हेड कोच बनते ही टीम इंडिया डाउनफॉल शुरू हो गया। गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके अलावा कोच और कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने की भी खबरें हैं।पिछले कई दिनों से भारतीय क्रिकेट टीम के अंदर कलह की खबरें जोर पकड़ रही हैं। कभी खिलाड़ियों के बीच आपसी मतभेद तो कभी हेड कोच गौतम गंभीर और खिलाड़ियों के बीच तालमेल ना बैठने की खबरें, अपने चरम पर हैं। वहीं राहुल द्रविड़ के बाद गौतम गंभीर को जब टीम इंडिया का हेड कोच बनाया गया तब मानो लगा भारतीय टीम नई ऊंचाइयां छुएगी लेकिन हुआ इसके बिल्कुल उलट।



श्रीलंका, न्यूजीलैंड और बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथ भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। या यूं कहे कि गौतम गंभीर के हेड कोच बनते ही टीम इंडिया डाउनफॉल शुरू हो गया। गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके अलावा कोच और कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने की भी खबरें हैं। दरअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं था। रिपोर्ट्स में इस बात का भी दावा किया गया है कि टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी कोच गौतम गंभीर के सख्त रवैये से नाखुश हैं। ऐसे में कोच गौतम गंभीर के इस्तीफा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। तो क्या वाकई में गौतम गंभीर कोचिंग पद से इस्तीफा दे देंगे? ये सवाल तेजी से फैंस के मन में बैठ गया है। हालांकि, गंभीर के इस्तीफे को लेकर कुछ साफ नहीं हो सका है। लेकिन 8 साल पहले भी ऐसी स्थिति देखने को मिली थी जहां भारतीय कोच और कप्तान के बीच सब कुछ ठीक नहीं था। इस मनमुटाव के बाद भारतीय कोच को इस्तीफा देना पड़ा था। उस दौरान कोच अनिल कुंबले थे और कप्तान विराट कोहली। बता दें कि, 2017 में खेली गई चौंपियंस ट्रॉफी के बाद भारती कप्तान विराट कोहली और हेड कोच अनिल कुंबले के बीच सब कुछ ठीक नहीं रहा था। इसके बाद अनिल कुंबले ने कोचिंग पद से इस्तीफा दे दिया था।

# हो गई रिंकू सिंह की सगाई, राजनीति जगत की इस दिग्गज से लेंगे फेरे

रिंकू सिंह की होने वाली दुल्हन प्रिया सरोज 25 वर्ष की है। वर्तमान में वो सुप्रीम कोर्ट में वकील भी है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली प्रिया सरोज के परिवार का ताल्लुक भी राजनीति से है। प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज भी मछली शहर से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शादी करने वाले है। रिंकू सिंह की सगाई हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए ये जानकारी सामने आई है। रिंकू सिंह ने जिस से सगाई की है वो समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज है। सगाई के बाद दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले है। बता दें कि रिंकू सिंह




की होने वाली पत्नी और मंगेतर प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछली शहर लोकसभा क्षेत्र से सासंद हैं। रिंकू सिंह जल्द ही सरोज के साथ सात फेरे लेने वाली है। हालांकि दोनों की शादी कब होगी इस संबंध में अभी जानकारी सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिंकू सिंह की होने वाली दुल्हन प्रिया सरोज 25 वर्ष की है। वर्तमान में वो सुप्रीम कोर्ट में वकील भी है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली प्रिया सरोज के परिवार का ताल्लुक भी राजनीति से है। प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज भी मछली शहर से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके है। तूफानी सरोज वर्ष 1999, 2004 और 2009 में लोकसभा सांसद रहे थे। बता दें कि रिंकू सिंह 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज का हिस्सा है। इस सीरीज में वो पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेलने वाले है। इससे पहले टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। इस सीरीज में रिंकू सिंह भी खेलेंगे। हालांकि अभी वनडे सीरीज का ऐलान नहीं हुआ है। अब देखना है कि क्या रिंकू सिंह वनडे सीरीज में जगह बना पाएंगे या नहीं। बता दें कि रिंकू सिंह बीते लंबे समय से भारतीय टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। जल्द ही वो घरेलू क्रिकेट खेलते दिखेंगे।

# जल्दी शादी के बंधन में बंधेंगे रिकू सिह सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ किया रोका ?

दरअसल, रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश के मछली शहर की सासंद प्रिया सरोज का रोका हो गया है। प्रिया सरोज समाजवादी पार्टी से सांसद हैं। दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधते वाले हैं। रिंकू सिंह को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। इस सीरीज की शुरुआत 22 जनवरी से होगी।टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। दरअसल, रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश के मछली शहर की सासंद प्रिया सरोज का रोका हो गया है। प्रिया सरोज समाजवादी पार्टी से सांसद हैं। दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधते वाले हैं। हालाकिं, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने सगाई कर ली है। रिंकू सिंह को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। इस सीरीज की शुरुआत 22 जनवरी से होगी। रिंकू सिंह का केकेकआर के सह मालिकाना हक वाले शाहरुख खान के साथ अच्छा रिश्ता है। रिंकू सिंह ने एक बार बताया था कि शाहरुख खान ने उनकी शादी में शामिल होने और नाचने का वादा किया है। बता दें कि, मछली शहर से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज तीन बार के सांसद और मौजूदा विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। राजनीति में आने से



पहले उन्होंने वकालत की। साल 2024 में प्रिया ने बीजेपी उम्मीदवार बीपी सरोज को 35,850 वोटों के अंतर से हराकर अपना पहला लोकसभा चुनाव जीता। प्रिया सरोज संसद के निचले सदन में चुने जाने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की उम्मीदवार बन गईं। वह उत्तर प्रदेश से लोकसभा पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की सासंद हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए और एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा से एलएलबी की डिग्री हासिल की है।

# भारत के लिये खेलने का सपना अभी भी पल रहा है करुण नायर

करूण नायर ने क्रिकेट के मैदान पर शानदार वापसी करते हुए विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक लगाये और कहा कि आठ साल बाद भारत की जर्सी पहनने का सपना अभी भी उनके भीतर पल रहा है। नायर ने विदर्भ के लिये विजय हजारे ट्रॉफी में 752 रन बनाये। लंबे इंतजार और करीब तीन साल पहले मायूसी से भरी सोशल मीडिया पोस्ट लिखने के बाद करूण नायर ने क्रिकेट के मैदान पर शानदार वापसी करते हुए विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक लगाये और कहा कि आठ साल बाद भारत की जर्सी पहनने का सपना अभी भी उनके भीतर पल रहा है। नायर ने विदर्भ के लिये विजय हजारे ट्रॉफी में 752 रन बनाये। ये वही करूण नायर हैं जिन्होंने तीन साल पहले लिखा था ,'' डियर क्रिकेट, प्लीज मुझे एक मौका और दे दो।'' क्या इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला और आईसीसी चौम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें मौका मिलेगा जब चयनकर्ता भारत की वनडे टीम चुनने बैठेंगे ? यह तो समय ही बतायेगा लेकिन उन्हें सपना देखने का पूरा हक है।नायर ने पीटीआई से कहा ,'' भारत के लिये खेलने का सपना हमेशा रहा है। वह सपना अभी भी पल रहा है। हम इसी के लिये खेलते हैं। एकमात्र लक्ष्य देश के लिये खेलना है।'' अपने कैरियर में कई उतार चढाव झेल चुके नायर बहुत आगे की नहीं सोचना चाहते। उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी वापसी है। मुझे इस लय को जारी रखना है।हर मैच में रन बनाने हैं। मैं इतना ही कर सकता हूं। सब कुछ मेरे हाथ में नहीं है।''उन्होंने कहा ,'' जब तक चयन नहीं होता, यह सपना ही है। लेकिन मैं एक समय पर एक ही पारी पर फोकस करना चाहूंगा।'' यह पूछने पर कि उन्होंने ऐसा क्या किया कि वापस रन बन रहे हैं, 33 वर्ष के नायर ने कहा ,'' मैने कुछ अलग नहीं किया। कोई राज नहीं है। यह बरसों की मेहनत और सब्र का फल है। हर दिन मैं एक नयी चुनौती की तरह लेता हूं और कोशिश करता हूं कि अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकूं।''एक ऐसा भी समय था जब वह अपने भविष्य को लेकर आशंकित थे क्योंकि घरेलू मैचों और आईपीएल में रन नहीं बन रहे थे। इस बारे में नायर ने कहा ,''अगर मैं कहूं कि डरा नहीं था तो वह झूठ होगा। हर किसी को ऐसा ही महसूस होता होगा लेकिन मैने कभी नहीं सोचा कि मेरा कैरियर खत्म हो जायेगा। मैं इतना ही सोचता था कि यह किस दिशा में जा रहा है, मैं क्या कर रहा हूं, ऐसा क्यो हो रहा है।''उन्होंने कहा ,''उस दौर से बाहर आने में समय लगा और फिर मैने खुद से कहा कि नये सिरे से आगाज करना होगा। मैने खुद को कुछ समय दिया और अपने बारे में और अपने खेल के बारे में काफी कुछ सीखा।

मैं उन सीखों के लिये शुक्रगुजार हूं , उनके बिना यहां इस स्थिति में नहीं होता।' नायर ने यह भी कहा कि कर्नाटक छोड़कर विदर्भ के लिये खेलने का फैसला भी सही रहा। उन्होंने कहा ,'' मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे विदर्भ के लिये खेलने का मौका मिला। उन्होंने मुझे जो मंच और माहौल दिया, उसके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंचता।

# बांग्लादेश प्रीमियर लीग में मैच फिक्सिंग को लेकर बड़ा खुलासा, सट्टेबाजों को फायदा पहुंचाने के लिए मैच के नतीजों में फेरबदल

बीपीएल में पिछले हफ्ते मंगलवार को रंगपुर राइडर्स और ढाका कैपिटल्स के बीच टूर्नामेंट का 11वां मुकाबला खेला गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रंगपुर राइडर्स की पारी के दौरान जान बूझकर सात रन वाइड के जरिए दिए गए, जिससे ट्रेध्डर्स को फायदा पहुंचाया जा सके। बांग्लादेश प्रीमियर लीग का जारी सीजन गलत कारणों से चर्चा में है। मौजूदा सीजन में खिलाड़ियों के बीच काफी नोकझोंक देखने को मिली है और अब मैच फिक्सिंग को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें दावा किया गया है कि बांग्लादेश



प्रीमियर लीग के कई मैचों के दौरान सट्टेबाजों को फायदा पहुंचाने केलिए फिक्सिंग की गई है।बांग्लादेश प्रीमियर लीग में पिछले हफ्ते मंगलवार को रंगपुर राइडर्स और ढाका कैपिटल्स के बीच टूर्नामेंट का 11वां मुकाबला खेला गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रंगपुर राइडर्स की पारी के दौरान जानबूझकर सात रन वाइड के जरिए दिए गए, जिससे ट्रेध्डर्स को फायदा पहुंचाया जा सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रमुख ट्रेडिंग साइटों इस ओवर पर काफी पैसे लगे थे। ट्रेडिंग साइटों पर सभी ने दांव लगाया था कि दस ओवर के बाद स्कोर 79.5 से ज्यादा होगा

लेकिन ओवर के दौरान आखिरी गेंद से पहले ऐसा नहीं हो सका था। हेल्स जब क्रीज पर थे तो टीम को 12 गेंद में 26 रन चाहिए थे और तब भी अनुमानित स्कोर 78.5 तक पहुंच गया। हालांकि, जब वह आउट हुए तो टीम को आठ गेंद 18 रन चाहिए थे। नए बल्लेबाज के आनेके बाद फिर उन्हें पैसे लगाए।

# डार्क चाकलेट खाने से मधुमेह का खतरा कम हो सकता है, लेकिन दूध से नहीं

एक दीर्घकालिक अमेरिकी अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार डार्क चॉकलेट खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है, न कि दूध वाली चॉकलेट।बीएमजे में प्रकाशित, शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि दूध वाली चॉकलेट का अधिक सेवन, लेकिन डार्क चॉकलेट का नहीं, दीर्घकालिक वजन बढ़ने से जुड़ा था।चॉकलेट में फ्लेवेनॉल्स (फलों और सब्जियों में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक यौगिक) की उच्च मात्रा होती है, जो हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और मधुमेह के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।लेकिन असंगत परिणामों के कारण चॉकलेट के सेवन और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंध विवादास्पद बना हुआ है।इसके अतिरिक्त, अधिकांश पिछले अध्ययनों में यह नहीं देखा गया कि डार्क और मिल्क चॉकलेट – जिनमें कोको, दूध और चीनी की मात्रा अलग–अलग होती है – खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम पर अलग–अलग प्रभाव पड़ सकता है या नहीं।इस पर आगे अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने महिला नर्सों और पुरुष स्वास्थ्य पेशेवरों पर किए गए तीन दीर्घकालिक अमेरिकी अवलोकन अध्ययनों के आंकड़ों को संयुक्त किया, जिनमें भर्ती के समय मधुमेह, हृदय रोग या कैंसर का कोई इतिहास नहीं था।उन्होंने 25 वर्षों की औसत निगरानी अवधि में 192,208 प्रतिभागियों के लिए टाइप 2 मधुमेह और कुल चॉकलेट उपभोग के बीच संबंधों का विश्लेषण किया, तथा 111,654 प्रतिभागियों के लिए चॉकलेट उपप्रकार (डार्क और दूध) उपभोग का विश्लेषण किया। सम्पूर्ण चॉकलेट के विश्लेषण में 18,862 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।व्यक्तिगत, जीवनशैली और आहार संबंधी जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, लेखकों ने पाया कि जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार किसी भी प्रकार की चॉकलेट खाते हैं, उनमें टाइप 2 मधुमेह की दर उन लोगों की तुलना में 10 प्रतिशत कम देखी गई, जो कभी–कभार या कभी भी चॉकलेट नहीं खाते थे।चॉकलेट उपप्रकारों



के विश्लेषण से पता चला कि 4,771 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।समान जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार डार्क चॉकलेट खाते थे, उनमें टाइप 2 मधुमेह का जोखिम 21 प्रतिशत कम हो गया, लेकिन दूध चॉकलेट के सेवन के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि डार्क चॉकलेट की प्रत्येक अतिरिक्त साप्ताहिक खुराक से टाइप 2 मधुमेह का खतरा 3 प्रतिशत कम हो जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा, निष्कर्षों की पुष्टि करने और डार्क चॉकलेट के सुरक्षात्मक प्रभाव के कारणों की पहचान करने के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता है।

# केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते हैं ये संकेत, भूलकर न करें इग्नोर

एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 17.9 मिलियन लोग दिल की बीमारी से मर जाते हैं. इसमें से करीब 85त्न लोग दिल का दौरा पड़ने या फिर स्ट्रोक आने की वजह से दम तोड़ देते हैं. यूं तो ये बात कई शोध में साबित हो चुकी है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन बीते कुछ सालों में महिलाओं में भी ये समस्या बढ़ती जा रही है. हार्ट अटैक के ज्यादातर लक्षण महिला और पुरुष में एक जैसे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते कुछ संकेत बिल्कुल अलग होते हैं. क्या हैं वो संकेत, आइए जानते हैं इसके बारे में.महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के लक्षणमहिलाओं में दिल का दौरा पड़ने पर पुरुषों की तरह कई बार सीने में तेज दर्द नहीं होता है. बल्कि उन्हें कुछ हल्के संकेत ही दिखाई दे सकते हैं. जैसे कई बार महिलाओं को सीढ़ियां चढ़ते समय सीने में दर्द जैसा महसूस होता है या



फिर हल्के काम करने के बाद भी सांस लेने में तकलीफ होती है. डॉ. राजीव सेठी बताते हैं कि ऐसा अगर आपके साथ बार–बार हो रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें.दिल की बीमारी होने पर महिलाओं में दिखते हैं ये संकेतचक्कर आनानिचली छाती में दर्द ऊपरी पेट में दर्द अत्यधिक थकान सांस की तकलीफ मतलीध्उल्टी पीठ या जबड़े में दर्द महिलाएं हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव? महिलाओं को समय–समय पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहना चाहिए. कोई भी लक्षण लंबे समय तक दिखने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें. मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए. हेल्दी डाइट अपनाएं और रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें. रात में देर तक जागने की बजाय जल्दी सोएं.